**''सोशल इकॉलोजी'' नामक पुस्तक किसने लिखी है?**
(a) Ram Chandra Guha/राम चन्द्र गुहा
(b) Andre Beteille/आन्द्रे बेते
(c) Anand Chakravarti/आनन्द चक्रवर्ती
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (d) :** ''सोशल इकोलॉजी'' नामक पुस्तक राधा कमल मुखर्जी ने लिखी है। उन्होंने सामाजिक पारिस्थितिकी के दो मोटे प्रकार बताये हैं–व्यावहारिक पारिस्थितिकी और समुदाय पारिस्थितिकी।
**नोट-** आयोग ने प्रश्नगत उत्तर विकल्प (a) को सही माना है।

**54. Howard P. Becher's sacred society is equivalent to which of the following?**
**होवार्ड पी. बेचर का पवित्र समाज निम्नलिखित में से किसके समकक्ष है?**
(a) Tonnie's Gemeinischaft/टॉनीज के गैमिनीशॉफ्ट
(b) Durkheim's organic solidarity
दुर्खीम के सावयवी सुदृढता
(c) Tonnies Gesellschaft/टॉनीज के गैशेलशॉफ्ट
(d) Redcliff-Brown's urban society
रेडक्लिक-ब्राउन के नगर समाज

**Ans. (a) :** हावर्ड पॉल बेकर का पवित्र समाज टॉनीज के गेमिनशॉफ्ट के समकक्ष है। पवित्र समाज नए का जवाब देने में असमर्थता या अनिच्छा प्रकट करते हैं और परम्परागत गैर तर्क संगतता और स्वीकृत तर्कसंगतता का प्रभुत्व रखते हैं। पवित्र समाज लिखित और कठोर रूप से निर्धारित नियमों, कानूनों और पवित्र ग्रंथों द्वारा शासित होते हैं। गेमिनशॉफ्ट में जनसंख्या में अधिकांशतः गतिहीनता के साथ-साथ प्रस्थिति जन्मजात होती है। ऐसे समाजों में आस्थाओं, भावनाओं और सहयोगी सम्बन्धों के विकास में परिवार और धार्मिक समूहों (चर्च) की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। ऐसे सम्बन्धों के दर्शन गाँव और छोटे समुदायों में किये जा सकते हैं।

**55. When norms are adequate to maintain social order. Laws are unnecessary; when mores are inadequate laws are .......**
**जब आचार सामाजिक व व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त हैं, कानून आवश्यक हैं, जब आचार अपर्याप्त हैं, तो कानून .......**
(a) imperative/पहलात्मक (b) necessary/आवश्यक
(c) essential/अनिवार्य (d) useless/अनुपयोगी

**Ans. (d) :** जब आचार सामाजिक व व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त हैं, कानून आवश्यक हैं, जब आचार अपर्याप्त हैं, तो कानून अनुपयोगी हैं।

**56. In an androgynous society, social roles would be assigned on the basis of :**
**उभयलिंगी समाज में सामाजिक भूमिका निर्दिष्ट किए जाने का एक आधार होगा :**
(a) Sexual identity/लैंगिक पहचान
(b) Achieved status/अर्जित प्रस्थिति
(c) Ascribed status/प्रदत्त प्रस्थिति
(d) By chance/संयोगवश

**Ans. (b) :** उभयलिंगी समाज में सामाजिक भूमिका निर्दिष्ट किए जाने का एक आधार अर्जित प्रस्थिति होगा। क्योंकि भूमिका प्रस्थिति का गत्यात्मक पहलू है।

**57. Whose statement is that "sociology is the study of complex nature of evolution"?**
**किसका कथन है कि ''समाजशास्त्र उद्विकास के जटिल स्वरूप का अध्ययन करता हैं?**
(a) Comte/कॉम्ट
(b) Durkheim/दुर्खीम
(c) Spencer/स्पेंसर
(d) Redcliff-Brown/रेडक्लिफ ब्राउन

**Ans. (c) :** स्पेंसर का कथन है कि ''समाजशास्त्र उद्विकास के जटिल स्वरूप का अध्ययन करता है।''

**58. "Sociology is the systematic description and explanation of society viewed as whole"Who defined?**
**''समाजशास्त्र समाज का एक समग्र इकाई के रूप में व्यवस्थित वर्णन एवं व्याख्या है।'' यह किसकी परिभाषा है?**
(a) Gillin and Gillin/गिलिन एवं गिलिन
(b) T. Abel/टी. अबेल
(c) Emile Durkheim/इमाइल दुर्खीम
(d) Giddins/गिडिंस

**Ans. (d) :** गिडिंग्स के अनुसार, ''समाजशास्त्र समाज का एक समग्र इकाई के रूप में व्यवस्थित वर्णन एवं व्याख्या है।''

59. **"Between man and society the floating wick and deep oil-there is never ending give-and take producing the bright study flame of value experience that externally radiates light and warmth on our black dreary universe" who said it?**
**''मानव और समाज तैरती हुई बत्ती और गहरे तेल के बीच चलने वाले अनन्त आदान प्रदान के सहज अनुभव की उजली, स्थिर ज्योति पनपती है, जो कि हमारे नीरस और निरानन्द विश्व को निरन्तर प्रकाश और गरमाहट देती रहती है।'' यह किसने कहा है?**
(a) Maclver and page/मैकाइवर एवं पेज
(b) Max Weber/मैक्स वेबर
(c) Secord and Buckman/सीकोर्ड तथा बकमैन
(d) Radha Kamal Mukherjee/राधा कमल मुखर्जी

**Ans. (d) :** राधा कमल मुखर्जी ने कहा है कि, ''मानव और समाज तैरती हुई बत्ती और गहरे तेल के बीच चलने वाले अनन्त आदान प्रदान के सहज अनुभव की उजली, स्थिर ज्योति पनपती है, जो कि हमारे नीरस और निरानन्द विश्व को निरन्तर प्रकाश और गरमाहट देती रहती है।''

60. **M.N. Srinivas calls the interdependence among castes as :**
**एम.एन. श्रीनिवास ने जातियों में अन्योन्य आश्रितता को इस प्रकार कहा है :**
(a) Vertical unity/ऊर्ध्वाधर एकता
(b) Horizontal unity/क्षैतिज एकता
(c) Integrity/अखण्डता
(d) Mutuality/पारस्परिकता

**Ans. (d) :** एम.एन. श्रीनिवास ने जातियों में अन्योन्य आश्रितता को पारस्परिकता कहा है। उनका मानना है कि जाति हिन्दू समाज का संरचनात्मक आधार है। जाति व्यवस्था में काफी विविधताओं को देखते हुए उन्होंने भारतीय जाति व्यवस्था में ऊर्ध्व और क्षैतिज एक जुटता की बात कही है।

61. **'The word 'Theory' is like a blank cheque, its potential value depends on the user and his use of it? Whose statement is this?**
**''सिद्धान्त एक ऐसा खुला 'चैक' है जिसका सम्भावित मूल्य इस चैक को लाभ में लाने वाले व्यक्ति पर निर्भर करता है।'' यह किस लेखक का कथन है?**
(a) G.A. Lundberg/जी.ए. लुण्डबर्ग
(b) G.C. Homans/जी.सी. होमन्स
(c) P. Loomis/पी. लूमिस
(d) Percy S. Cohen/पर्सी एस. कोहेन

**Ans. (d) :** पर्सी एस. कोहेन का कथन है कि, ''सिद्धान्त एक ऐसा खुला 'चेक' है जिसका सम्भावित मूल्य इस चेक को लाभ में लाने वाले व्यक्ति पर निर्भर करता है।''

62. **According to C. Write Mills there are main elements of triangle of power. Select the correct elements from the following :**
**शी. राईट मिल्स के अनुसार सत्ता के त्रिभुज के तीन मुख्य तत्व हैं। निम्नलिखित में से सही तत्वों का चयन कीजिए :**
(a) Economic, social and political structure
आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक संरचनाएँ
(b) Technological, military and political structure
प्रौद्योगिक, सैन्य और राजनैतिक संरचनाएँ
(c) Economic, military and political structure
आर्थिक, सैन्य और राजनैतिक संरचनाएँ
(d) Technological, social and political structure
प्रौद्योगिक, सामाजिक और राजनैतिक संरचनाएँ

**Ans. (c) :** सी. राईट मिल्स के अनुसार, सत्ता के त्रिभुज के निम्न तीन प्रमुख तत्व हैं–आर्थिक, सैन्य और राजनैतिक संरचनाएं। इसका उल्लेख उन्होंने अपनी पुस्तक 'The Power Elite' (1956) में किया है। मिल्स के अनुसार, शक्ति-अभिजन केवल इसलिए शक्तिशाली नहीं होते कि वे समय की मांगों को पूरी करते रहते हैं, अपितु वे स्वयं ऐसी मांगे पैदा करके जनसाधारण के दैनिक जीवन को बदलने की क्षमता भी रखते हैं।

63. **Who wrote the book "The functions of Social Conflict"?**
**''द फन्कशंस आफ सोशल कन्फ्लिक्ट'' पुस्तक किसने लिखी है?**
(a) Coser/कोजर
(b) Ralf Daharendorf/रॉल्फ डेहरान्डौर्फ
(c) Collins/कालिंस
(d) Althusser/अल्थ्यूजर

**Ans. (a) :** ''द फंक्शंस ऑफ सोशल कन्फ्लिक्ट'' (1956) पुस्तक लेविस ए. कोजर ने लिखी है। इनकी अन्य प्रमुख पुस्तकें निम्न प्रकार हैं–
– Masters of Sociological Thought
– Sociology Through Literature : An Introductory Reader.
– Sociological Theory, 1964
– Political Sociology, 1967

64. **In which book Goaffman's theory of Dramaturgical Analysis has been presented?**
**गोफमैन ने किस पुस्तक में अभिनयशास्त्रीय सिद्धान्त को प्रस्तुत किया है?**
(a) The Presentation of Self in Every day Life
द प्रेजेन्टेशन ऑफ सेल्फ इन एवरीडे लाइफ
(b) Stigma/स्टिगमा
(c) Behaviour in Public Places
बीहेवियर इन पब्लिक प्लेसस
(d) Relations in Public/रिलेसन्स इन पब्लिक

**Ans. (a) :** इरविंग गॉफमैन ने अपनी पुस्तक 'The Presentation of Self in Everyday Life', (1959) में 'अभिनयशास्त्रीय उपागम' की रूपरेखा प्रस्तुत की है। उनका मानना है कि मानव का सामाजिक व्यवहार बहुत कुछ रूप में रंगमंचीय अभिनय से मिलता-जुलता है। सामाजिक जीवन के रंगमंच पर कर्त्तागण अपनी-अपनी छवि बनाते हैं और दर्शकगणों के सामने अपनी-अपनी क्रियाएँ करते हैं और दूसरे कर्त्तागणों के लिए स्वयं दर्शकगण बन जाते हैं।

65. **The concept of pessimistic critical post-modernism is associated with :**
**निराशावादी आलोचनात्मक उत्तर–आधुनिकतावाद की अवधारणा किस विचारकों से सम्बन्धित है?**
(a) Jamesan and Baudrillard/जेमसन एवं बॉड्रिलार्ड
(b) Lyotard and Derrida/ल्योटार्ड एवं दरिदा
(c) Giddens and Smith/गिडेन्स एवं स्मिथ
(d) Habermas and Castells/हेबरमॉस एंव कासेल्स

**Ans. (a) :** निराशावादी आलोचनात्मक उत्तर-आधुनिकतावाद की अवधारणा फ्रेड्रिक जेमसन और जीन बॉड्रिलार्ड से सम्बन्धित है। यह कला, फिल्म, साहित्य या वास्तुकला की एक निश्चित शैली से अधिक पर जोर देती है जो वैश्विक पूँजीवाद की बड़ी व्यवस्था का हिस्सा है। इस प्रणाली में कला सहित हर चीज का मौद्रिक मूल्य दिया जाता है।

66. **Pierre Bourdieu considered .... as an intermediated mental or congnitive structure through which people deal with the social world.**

**पियरे बोरड्यू ने ..... को एक आन्तरिक मानसिक या संज्ञानात्मक संरचना के रूप में माना, जिनके माध्यम से लोग सामाजिक दुनियां से व्यहार करते हैं।**

(a) Habits/आदत
(b) Culture Capital/संस्कृति पूँजी
(c) Culture Reproduction/संस्कृति पुनरूत्पाद
(d) Sign/प्रतीक

**Ans. (a) :** पियरे बोर्डियू ने आदत को एक आन्तरिक मानसिक या संज्ञानात्मक संरचना के रूप में माना, जिनके माध्यम से लोग सामाजिक दुनियां से व्यवहार करते हैं। आदत (हैबिट्स) क्रियाओं के व्याकरण का एक रूप है जो सामाजिक अन्तरिक्ष में एक वर्ग (प्रभुवर्ग) को दूसरे वर्ग (अधीनस्थ वर्ग) से अलग करने में सहायता करता है। एक आदत एक वर्ग के सामान्य व्यवहारों के एक समूह को उत्पन्न करता है।

**67. Who among the following is associated with the concept of 'Paradigm Shift'?**
**निम्नलिखित में से कौन ''पैराडाइम शिफ्ट'' की अवधारणा से जुड़ा है?**

(a) Paul Feyeraband/पॉल फ्रेयराबेंड
(b) Thomas Kuhan/थॉमस कुहन
(c) Lakatos/लाकटोस
(d) Max Weber/मैक्स वेबर

**Ans. (b) :** ''पैराडाइम शिफ्ट'' (Paradigm Shift) की अवधारणा के प्रवर्तक थॉमस कुहन हैं। उनके अनुसार, पैराडाइम विश्व को देखने की एक विधि है जिसमें शोध के विषय, उससे संबंधित प्रश्न तथा उनके विश्लेषण के नियमों को सम्मिलित किया जाता है। ये किसी विषय के बारे में वैज्ञानिकों के समुदायों के साझा अनुमानों को प्रकट करते हैं। इसका उल्लेख उन्होंने अपने पुस्तक 'The Structure of Scientific Revolutions, (1962, second edition 1970, third edition 1996, forth edition 2012) में किया है।

**68. Cross cultural studies are example of which social research design?**
**पार सांस्कृतिक अध्ययन किस सामाजिक अनुसंधान अभिकल्प के उदाहरण हैं?**

(a) Comparative Social Research Design
तुलनात्मक सामाजिक अनुसंधान अभिकल्प
(b) Longitudinal Social Research Design
अनुदैर्ध्य सामाजिक अनुसंधान अभिकल्प
(c) Experimental Social Research Design
प्रयोगात्मक सामाजिक अनुसंधान अभिकल्प
(d) Case Study Research Design
वैयक्तिक अध्ययन अनुसंधान अभिकल्प

**Ans. (a) :** पार-सांस्कृतिक अध्ययन (Cross Cultural Studies) तुलनात्मक सामाजिक अनुसंधान अभिकल्प के उदाहरण हैं। इसका उद्देश्य मानव व्यवहार की विविधताओं को समझना है।

**69. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes given below :**
**सूची- I को सूची- I I से सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिये गये कुटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| सूची- I/List-I | सूची- I I/List-II |
|---|---|
| (a) Indological Perspective/भारत विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य | (1) Louis Dumont लूई ड्यूमाँ |
| (b) Marxist Perspective मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य | (2) Ranjit Guha रणजीत गुहा |
| (c) Civilization Perspective सभ्यतात्मक परिप्रेक्ष्य | (3) A.R. Desai ए.आर. देसाई |
| (d) Subaltern Perspective अधीनस्थ समूह परिप्रेक्ष्य | (4) Surjit Sinha सुरजीत सिन्हा |

(a) (a)-(4), (b)-(3), (c)-(1), (d)-(2)
(b) (a)-(1), (b)-(2), (c)-(4), (d)-(3)
(c) (a)-(1), (b)-(3), (c)-(2), (d)-(4)
(d) (a)-(1), (b)-(3), (c)-(4), (d)-(2)

**Ans. (d) :** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| भारत विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य | - | लुई ड्यूमाँ |
| मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य | - | ए.आर. देसाई |
| सभ्यतात्मक परिप्रेक्ष्य | - | सुरजीत सिन्हा |
| अधीनस्थ समूह परिप्रेक्ष्य | - | रणजीत गुहा |

**70. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes given below :**
**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें तथा कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I/List-I | सूची-II/List-II |
|---|---|
| (a) Rajeev Bhargava/राजीव भार्गव | (1) Inside-outside : Two views of social change in Rural India/इनसाइड–आउटसाइड : टु व्यूज ऑफ सोशल चैंज इन रूरल इंडिया |
| (b) T.N. Madan/टी.एन.मदन | (2) Sociology : Essays on Approach and Method/सोशियोलॉजी : एसेज ऑन एप्रोच एण्ड मैथड |
| (c) Andre Betteille/आन्द्रे बेतेले | (3) Pathways : Approach to the study of Society in India/पाथवेज : एप्रोच टू द स्टडी ऑफ सोसाइटी इन इंडिया |
| (d) Baviskar and Attwood/वानिस्कर और अटवुड | (4) Individualism in Social Science: Forms and limits of Methodology/इन्डीविजुलिज्म इन सोसल साइंस : फॉर्म्स एंड लिमिट्स ऑफ मैथडोलॉजी |

(a) (a)-(1), (b)-(3), (c)-(2), (d)-(4)
(b) (a)-(4), (b)-(2), (c)-(3), (d)-(1)
(c) (a)-(4), (b)-(3), (c)-(2), (d)-(1)
(d) (a)-(3), (b)-(1), (c)-(2), (d)-(4)

**Ans. (c) :** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| राजीव भार्गव | - | इन्डीविजुलिज्म इन सोशल साइंस : फॉर्म्स एंड लिमिट्स ऑफ मैथडोलॉजी |
| टी.एन. मदन | - | पाथवेजः एप्रोच टू द स्टडी ऑफ सोसाइटी इन इंडिया |
| आन्द्रे बेतेइ | – | सोशियोलॉजी : एसेज ऑन एप्रोच एण्ड मैथड |
| वानिस्कर और अटवुड | - | इनसाइड-आउटसाइड : टु व्यूज ऑफ सोशल चेंज इन रूरल इंडिया |

# उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा, 2016

# समाजशास्त्र

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** [परीक्षा तिथि : 12 जनवरी, 2019

**1. निम्न में से किसने जाति स्तरीकरण में श्रेणीक्रम की अवधारणा को प्रारम्भ किया?**

(a) एम.एन. श्रीनिवास (b) लुईस ड्यूमो
(c) एस.सी. दुबे (d) एफ.जी. बेली

**Ans. (b) :** जाति व्यवस्था का अपना समस्त विश्लेषण ड्यूमॉ ने शुचिता और प्रदूषण की विचारधारा पर आधारित संस्तरण और पृथक्करण के मूल्यों के आधार पर किया है।

**2. सामाजिक स्थिरता और सामाजिक गतिकी का सिद्धांत किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया?**

(a) हरबर्ट स्पेसर (b) टालकट पारसंस
(c) ऑगस्ट कॉम्टे (d) कार्ल मार्क्स

**Ans. (c) :** सामाजिक स्थिरता और सामाजिक गतिकी का सिद्धांत ऑगस्त कॉम्ट ने समाज के स्थिर पक्ष अर्थात सामाजिक संरचना तथा उसके विभिन्न अंर्तसम्बन्धीय भागों के पारस्परिक संबंधों के अध्ययन हेतु किया। कॉम्ट के अनुसार, सामाजिक स्थैतिकी (Social static) का अध्ययन सामाजिक गतिकी (social dynamics) के अध्ययन का पूरक है। सामाजिक स्थैतिकी के द्वारा सहअस्तित्व के नियमों की खोज की जाती है।

**3. वैज्ञानिक विधि का विशिष्ट लक्षण निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है?**

(a) विश्वसनीयता (b) वैधता
(c) पुनरावृक्तिता (d) सहज बोध अवलोकन

**Ans. (d) :** ज्ञान प्राप्त करने का एक ऐसा तरीका जिसमें तथ्यों का व्यवस्थित अवलोकन, परीक्षण, सामान्यीकरण तथा सत्यापन किया जाता है, वैज्ञानिक विधि कहलाती है। वैज्ञानिक विधि का विशिष्ट लक्षण सहज बोध अवलोकन नहीं है।

**4. 'स्टडीज इन एथनोमेथोडोलॉजी' पुस्तक के लेखक है-**

(a) हेरी एम. जानसन (b) पीटर बर्गर
(c) रार्बट के. मर्टन (d) हेरॉल्ड गारफिन्कल

**Ans. (d) :** 'स्टडीज इन एथनोमेथोडोलॉजी' पुस्तक के लेखक अमेरिकी विद्वान हेरॉल्ड गारफिन्कल हैं। 'एथनोमेथोडोलॉजी' का अर्थ उन विधियों के अध्ययन से है जिनका प्रयोग लोग रोजमर्रा के सामाजिक जीवन के अर्थों और व्यवस्था की रचना करने में करते हैं।

**5. दैव निर्दशन पद्धति से चयनित निदर्शन की क्या विशेषता है?**

(a) यह सम्पूर्ण का औसत नहीं है।
(b) यह प्रतिनिधि होगा।
(c) यह समष्टि के सदृश्य नहीं होगा।
(d) उक्त सभी।

**Ans. (b) :** यह विधि किसी समग्र में से प्रत्येक इकाई को प्रतिदर्श में सम्मिलित किये जाने का समान अवसर देती है। दैव चयनित के लिए लॉटरी विधि, रेंडम अंक विधि, कार्ड विधि, ग्रिड विधि आदि का प्रयोग किया जाता है।

**6. पर्यावरण सम्मेलन रियो-92 मुख्यतः किस पर केन्द्रित था?**

(a) मानव विकास (b) प्रोत्साहन योग्य विकास
(c) निर्धनता में कमी (d) जनसंख्या नियंत्रण

**Ans. (b) :** पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यू.एन.सी.ई.डी.) का आयोजन वर्ष 1992 में रियो डि जेनेरियो में किया गया था। इस शिखर स्तरीय बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ एजेण्डा-21 का अंगीकार किया गया, जो बाद के वर्षों में सतत विकास (sustainable development) को बढ़ावा देने की दिशा में वैश्विक रूपरेखा बनायी गयी।

**7. ''वैयक्तिक अध्ययन किसी सामाजिक इकाई चाहे वह एक व्यक्ति, परिवार, संस्था, सांस्कृतिक का अथवा समस्त जाति के जीवन का अनुसंधान तथा उसकी विवेचना करने को कहते है। इसका उद्देश्य उन तत्वों का निश्चय करना होता है जो इकाईयों के जटिल व्यवहार अथवा समूह को व्यवहार विधि या इकाई अपने समूह के संबंधों को स्पष्ट करते है।'' यह किसने परिभाषित किया है?**

(a) पॉलिन वी. यंग (b) इमाइम दुर्खीम
(c) पारसंस (d) मैक्स वेबर

**Ans. (a) :** प्रश्नगत परिभाषा पॉलिन वी. यंग की है।

**8. निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक संरचना का तत्व नहीं है?**

(a) भूमिका एवं प्रस्थिति
(b) उपसंस्कृति
(c) संस्थाएं
(d) समूह एवं उपसमूह

**Ans. (b) :** एक समाज वैज्ञानिक मानव समाज को सरंचना से उसके अंगों, अर्थात सामाजिक संस्थाओं, समूहों एवं व्यक्तियों की सामाजिक क्रियाओं, भूमिकाओं, प्रस्थितियों तथा आदर्शात्मक व्यवस्था (मानदंड एवं मूल्य) के अपेक्षाकृत स्थायी संबंधों में देखता है। समाजशास्त्र में सबसे पहले हरबर्ट स्पेन्सर ने अपनी पुस्तक प्रींसिपल ऑफ सोशियोलॉजी में समाजिक संरचना शब्द का प्रयोग किया।

**9. निम्नलिखित में से तथ्य संकलन का प्राथमिक स्रोत कौन सा है?**

(a) लेख, पुस्तक समीक्षा, शोध पत्र।

(b) पुस्तकें, पाठ्य पुस्तक, इनसाइक्लोपीडिया, शब्दकोश, हैण्ड बुक।

(c) साहित्य, कला तथा संगीत के कार्यों की समीक्षा।

(d) उत्तरदाताओं से सीधा साक्षात्कार।

**Ans. (d) :** प्राथमिक डाटा स्रोत रॉ जानकारी और फर्स्ट हैण्ड प्रमाण प्रदान करता है। इस प्रकार की जानकारी सर्वेक्षणों, अवलोकन और प्रयोग के माध्यम से सीधे प्रथम स्रोतों से प्राप्त की जाती है।
द्वितीयक डाटा स्रोत उपयोगकर्ता के अलावा किसी अन्य द्वारा एकत्र किये गये डाटा को संदर्भित करता है यानी डाटा पहले से उपलब्ध है और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा विश्लेषण किया गया है। जैसे- किताबें, पत्रिकायें, समाचार पत्र।

**10. पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग प्रतिनिधित्व करती है-**

(a) अंतर प्रांतीय क्षेत्रीयता (b) प्रांत के अंदर क्षेत्रीयता

(c) प्रांत के ऊपर क्षेत्रीयता (d) प्रथकतावादी क्षेत्रीयता

**Ans. (b) :** पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग प्रांत के अंदर क्षेत्रीयता का प्रतिनिधित्व करती है।

**11. अपनों से बड़ों का सम्मान करना है-**

(a) सामाजिक मूल्य (b) सांस्कृतिक गुण

(c) सांस्कृतिक गुणमान (d) कानून

**Ans. (*) :** निरस्त।
अपनों से बड़ों का सम्मान करना सामाजिक प्रतिमान है।
प्रतिमान - प्रतिमान या प्रतिरूप (Model) किसी चीज को दर्शाने वाली कोई अन्य नमूना, वस्तु, सोच और व्यवहार से सम्बन्धित है।

**12. विगत वर्ष भारत के मुख्य प्रोजेक्ट 'स्मार्ट सिटी' के अंतर्गत कौन-कौन सी मुख्य योजनाओं को शामिल किया गया है?**

**1. 100 स्मार्ट सिटी 2. अमृत योजना**

**3. स्वच्छ भारत अभियान 4. नमामि गंगे**

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 4

(c) 1, 3, 4 (d) 1, 2

**Ans. (d) :** भारत के मुख्य प्रोजेक्ट 'स्मार्ट सिटी' के अंतर्गत 100 स्मार्ट सिटी और अमृत योजना को शामिल किया गया है।

**13. संस्कृति की अनुभूति दृष्टिकोण से व्याख्या करने वाले प्रतिनिधि विचारक है-**

(a) बिडनी (b) टायलर

(c) मैलिनोवस्की (d) सोरोकिन

**Ans. (d) :** ईश्वरी और आध्यात्मिक चिंतन पर बल देने वाली संस्कृति की पी.ए. सोरोकिन ने भावात्मक (Sensitive) या विचारणात्मक संस्कृति का नाम दिया है।

**14. 'मार्डनाइजेशन ऑफ इंडियन ट्रेडीशन' पुस्तक का लेखक कौन है?**

(a) अर्जुन अप्पादुराई (b) जैफ्री सी.एलेक्सजेण्डर

(c) राबर्ट आर. बेल (d) योगेन्द्र सिंह

**Ans. (d) :** 'मार्डनाइजेशन ऑफ इंडियन ट्रेडीशन' पुस्तक योगेन्द्र सिंह द्वारा वर्ष 1973 में लिखी गयी थी। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न हैं।

- Social stratification and change.
- Knowledge to wisdom.

**15. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?**

(a) 20.01 प्रतिशत (b) 31.00 प्रतिशत

(c) 33.06 प्रतिशत (d) 28.28 प्रतिशत

**Ans. (*) :** निरस्त प्रश्न।
उ.प्र. उच्चतर शिक्षा आयोग द्वारा इस प्रश्न को निरस्त कर दिया गया है। (2011) की जनगणना के अनुसार देश में कुल शहरी आबादी 377 मिलियन की जो कुल आबादी का 31.16% है।

**16. किसने मलिन बस्तियों की आपराधिक क्रियाओं को वसनहीन अपराध का नाम दिया है।**

(a) टाफ्ट (b) सदरलैण्ड

(c) बेकरिया (d) क्लिनार्ड

**Ans. (*) :** निरस्त प्रश्न।

**17. ज्ञात एवं अज्ञात इच्छा को आत्महत्या का कारण किसने माना है?**

(a) मेनिन्जर (b) रूथ केवन

(c) फ्रायड (d) वेबर

**Ans. (b) :** ज्ञात एवं अज्ञात इच्छा को आत्महत्या का कारण रूथ केवन ने माना है।

**18. निम्नलिखित में से किसने ग्रामीण और शहरी भारत में परिवर्तनों को मूल्यांकित करने में परम्पराओं का छः स्तरीय वर्गीकरण किया है?**

(a) एम.एन. श्रीनिवास (b) एस.सी. दुबे

(c) योगेन्द्र सिंह (d) डी. पोकोक

**Ans. (b) :** एस.सी. दुबे ने भारत में परंपराओं का छः स्तरीय वर्गीकरण किया है, जिसमें से प्रत्येक को ग्रामीण और शहरी संदर्भों में परिवर्तन का मूल्यांकन करना है। (1) शास्त्रीय परम्परायें, (2) उभरती हुयी राष्ट्रीय परम्परायें, (3) क्षेत्रीय परम्परायें, (4) स्थानीय परम्परायें, (5) पश्चिमी परम्परायें एवं (6) सामाजिक समूहों की स्थानीय उप सांस्कृतिक परम्परायें।

**19. एस.सी. दुबे ने विकास के सांस्कृतिक पहलू के विश्लेषण में किस अवधारणा पर प्रकाश डाला है?**

(a) धार्मिकता (b) नृजातीयता

(c) पारम्परिकता (d) नैतिकता

**Ans. (c) :** परम्परा के संबंध में एस.सी. दुबे (1995) का यह कथन उल्लेखनीय है कि परम्परा संस्कृति का वह भाग है जिसमें भूतकाल से वर्तमान से भविष्य तक निरंतरता, विकास के संदर्भ में बनी रहती है।

**20. भारत में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन का अध्ययन किसने मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य में किया?**

(a) ए.आर. देसाई (b) आंद्रे बेतेई
(c) बी.आर चौहान (d) डी. एन. धानाग्रे

**Ans. (a) :** भारत में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन का अध्ययन ए.आर. देसाई ने मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य में किया है।

**21. इंग्लैण्ड में श्वेतवसन अपराध का अध्ययन किसने किया?**

(a) ई. सदरलैण्ड (b) डब्ल्यू.जी. कार्सन
(c) ई.एम. थेमर्ट (d) डेविड माट्ज़ा

**Ans. (b) :** डब्ल्यू.जी. कार्सन (1971) ने इंग्लैण्ड में श्वेतवसन अपराध का अध्ययन किया। एक ऐसा अपराध, जो व्यवसाय की क्रियाकलापों के दौरान समाज में उच्च प्रस्थिति एवं प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्तियों द्वारा (अपराधिक कानून का उल्लंघन से) किया जाता है, उसे श्वेतवसन अपराध कहते हैं।

**22. नौकरशाही पर वेबर के निम्नलिखित विचारों में कौन असत्य है?**

(a) पूंजीवादी और समाजवादी दोनों संमाजों में उपस्थित।
(b) अत्यधिक भौतिक समृद्धि एवं मानसिक संतोष।
(c) प्रभावों से बचने का कोई उपाय नहीं।
(d) असम्बद्धता में वृद्धि।

**Ans. (b) :** नौकरशाही संस्तरणात्मक प्रकार का एक संगठन है जिसमें वृहद् स्तर पर प्रशासकीय कार्यों में युक्तिसंगतता और औपचारिकता के आधार पर सम्पादित करने हेतु पिरामिडीय (पद सौपानीय) रूप मे व्यक्तियों के कार्यों का समन्वय किया जाता है।

**23. लोम्ब्रासो द्वारा वर्णित अपराधियों के वर्गीकरण में कौन सा अपराधी सम्मिलित नहीं है?**

(a) जन्मजात अपराधी (b) पागल अपराधी
(c) आकस्मिक अपराधी (d) पेशेवर अपराधी

**Ans. (d) :** इटली के निवासी लोम्ब्रासो का मत था कि अपराधी जन्मजात होते हैं। इसके अलावा इन्होंने अपराधी को - जन्मजात अपराधी, पागल अपराधी, भावुक अपराधी एवं आकस्मिक अपराधी के रूप में वर्गीकरण किया है।

**24. कुल प्रजनन दर को परिभाषित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन से आंकड़ों का समूह आवश्यक है।**

**1. जन्म**
**2. माता की आयु के अनुसार जन्म**
**3. आयु समूह के अनुसार महिला जनसंख्या**
**4. आयु समूह के अनुसार विवाहिता महिला जनसंख्या**

**कूटः**

(a) 2 और 4 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1 और 4

**Ans. (c) :** कुल प्रजनन दर का आशय अपने जीवन काल में एक महिला से पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या से होता है।

**25. विचलन के संदर्भ में निराशा आक्रामकता सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया?**

(a) लोम्ब्रोसो
(b) दुर्खीम
(c) जॉन डोलार्ड
(d) पाल ब्रोका

**Ans. (c) :** निराशा आक्रामकता सिद्धांत की परिकल्पना, वर्ष 1939 में मनोवैज्ञानिक जॉन डोलार्ड द्वारा की गयी थी। इसमें कहा गया है कि आक्रामकता हताशा का परिणाम होता है।

**26. निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने जजमानी संबंधों का अध्ययन किया है?**

(a) एस.सी. दुबे (b) एम.एन. श्रीनिवास
(c) ए.आर. देसाई (d) डब्ल्यू.एच. वाइजर

**Ans. (d) :** निरस्त प्रश्न।
जजमानी व्यवस्था का सर्वप्रथम एक व्यवस्थित अध्ययन डब्ल्यू.एच. वाइजर (1958) द्वारा किया गया है। इन्होंने उत्तरी भारत के एक गांव की विभिन्न जातियों के बीच जजमान-कमीन (पेट्रन-क्लाइंट) के संबंधों की चर्चा की है। 'वाइजर इसे विभिन्न जातियों को आपस में जोड़ने वाली लगभग समतावादी व्यवस्था मानते हैं।'

**27. निम्नलिखित में से कौन पंचायती राज की असफलता के लिये उत्तरदायी है?**

(a) अशिक्षा (b) जातिवाद
(c) सीमित साधन (d) उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** अशिक्षा, जातिवाद तथा सीमित साधन पंचायती राज की असफलता के लिये उत्तरदायी है। इसकी शुरुआत नेहरू द्वारा राजस्थान के नागौर जिले में 20 अक्टूबर, 1959 को किया गया था।

**28. भारत में ग्रामीण विकास के लिये 'मनरेगा' किस समय से लागू किया गया था?**

(a) 30 जनवरी, 2006 से (b) 2 फरवरी, 2006 से
(c) 15 अगस्त, 2006 से (d) 2 अक्टूबर, 2006 से

**Ans. (b) :** भारतीय संसद द्वारा 2 फरवरी, 2006 को राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी अधिनियम, 2005 योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार शुरु करने के लिये प्रारम्भ की गयी।

**29. भारतीय योजना में स्त्रियों के प्रति 'कल्याण के विकास' के उपागम की ओर कब परिवर्तन आया?**

(a) प्रथम पंचवर्षीय योजना से
(b) छठी पंचवर्षीय योजना से
(c) सातवीं पंचवर्षीय योजना से
(d) बारहवीं पंचवर्षीय योजना से

**Ans. (*) :** निरस्त प्रश्न

**30. निम्न में से किस पुस्तक में प्रकाशन के बाद जेंडर विमर्श प्रारंभ हुआ?**

(a) विमेन, द लॉगेस्ट रिवोल्यूशन, 1974
(b) मेल एण्ड फिमेल, 1949
(c) सेक्स, जेन्डर एण्ड सोसाइटी, 1972
(d) सेकण्ड सेक्स, 1957

**Ans. (d) :** सेकण्ड सेक्स, 1957 में सिमोन द बोउआर द्वारा लिखी पुस्तक है जिसने स्त्री धारणाओं और विमर्शों को गहरे तौर पर प्रभावित किया है।

**31. ''समाजशास्त्र, सामाजिक भौतिकी है,'' किसने कहा है?**

(a) हरबर्ट स्पेंसर (b) मैक्स वेबर
(c) आगस्ट कॉम्टे (d) आर.एन. मेकाइवर

**Ans. (*) :** निरस्त प्रश्न
समाजशास्त्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ऑगस्त कॉम्ट ने वर्ष 1838 में किया। तब इसे उन्होंने 'Sociology' कहा था इसलिये ऑगस्त कॉम्ट को 'समाजशास्त्र का पिता' कहा जाता है। उन्होंने इस विषय की कल्पना ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति (1750) एवं फ्रांस की क्रांति (1789) से प्रभावित होकर स्वतंत्र विषय का निर्माण किया। कॉम्ट ने प्रारम्भ में इस विषय को सामाजिक भौतिकी (Social physics) कहा था।

**32. वाल्मीकि रामायण में निम्नलिखित में से किस प्रकार के गांवों का उल्लेख मिलता है?**

(a) खेड़ा (b) गुम्पु
(c) भूतरा (d) घोष और ग्राम

**Ans. (d) :** घोष और ग्राम प्रकार के गाँवों का उल्लेख वाल्मीकि रामायण में किया गया है।

**33. सामाजिक दर्जा का अर्थ क्या है?**

(a) समूह में व्यक्ति का स्थान (b) प्रथागत सम्मान
(c) व्यक्ति से अपेक्षा (d) व्यवसाय की प्रकृति

**Ans. (a) :** सामाजिक दर्जा का अर्थ है- समूह में व्यक्ति का स्थान। साामन्यतः प्रस्थिति में पद सोपान अथवा अधिक्रम का भाव निहित नहीं होता किन्तु प्रस्थिति में ऊंच-नीच, संस्तरण एवं सम्मान के भाव को जोड़ कर एक व्यक्ति की विभिन्न प्रस्थितियों के योग को सामाजिक प्रस्थिति कहा जाता है।

**34. 'निम्न वर्ग' संस्कृति ............ का एक उदाहरण है**

(a) प्रति संस्कृति (b) परि संस्कृति
(c) उप संस्कृति (d) प्रभुत्व संस्कृति

**Ans. (c) :** किसी समाज की सम्पूर्ण संस्कृति के किसी एक भाग को उप-संस्कृति कहा जाता है जो मुख्य संस्कृति से किन्हीं बातों जैसे भाषा, रीति-रिवाज, मूल्य, सामाजिक मानदण्ड तथा जीवन शैली से भिन्न होती है।

**35. किसने भूमिकाओं को 'संबंधात्मक भूमिका' एवं 'गैर संबंधात्मक भूमिका' के रूप में वर्गीकृत किया है?**

(a) एस.एफ. नाडेल (b) राल्फ लिंटन
(c) जी.ए. लुण्डबर्ग (d) एलियट एवं मैरिल

**Ans. (a) :** एस.एफ. नाडेल ने भूमिकाओं को 'संबंधात्मक भूमिका' एवं 'गैर संबंधात्मक भूमिका' के रूप में वर्गीकृत किया है।

**36. वैश्विक ग्राम का विचार किसने दिया?**

(a) एंथनी गिडेन्स (b) मार्शल मैक्लूहन
(c) इमैनुअल वालरसटाईन (d) ई अनिटाट

**Ans. (b) :** वर्ष 1960 में 'ग्लोबल विलेज' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग कनाडा के लेखक मार्शल मैक्लूहन ने आधुनिक विद्युत संचार व्यवस्था (टी.वी., इंटरनेट फैक्स, टेलीफोन आदि) और प्रौद्योगिकी द्वारा एक सूत्र में बंधे आज के समस्त विश्व के लिये किया था।

**37. 'संदर्भ समूह' की अवधारणा किसके द्वारा प्रतिपादित की गयी है?**

(a) मुज्जफर शैरिफ (b) हर्बर्ट हाइमन
(c) हार्टन एण्ड हंट (d) मोरिस जिन्सबर्ग

**Ans. (b) :** 'संदर्भ समूह' की अवधारणा को हर्बर्ट हाइमेन ने वर्ष 1942 में विकसित किया था। सामान्यतः एक ऐसे समूह को संदर्भ समूह की संज्ञा दी जाती है जिसका कि व्यक्ति सदस्य नहीं है परन्तु सदस्य बनने की आकांक्षा रखता है।

**38. 'सहभागी अवलोकन' का अपने अनुसंधान में किसने प्रयोग किया?**

(a) लुण्डबर्ग (b) मैलिनावस्की
(c) गुडे एवं हाट (d) पारसंस

**Ans. (b) :** 'सहभागी अवलोकन' का अपने अनुसंधान में प्रयोग मैलिनोवॅस्की ने किया है। जबकि सर्वप्रथम सहभागी अवलोकन शब्द का प्रयोग लिंडमैन ने अपनी पुस्तक Social Discovery में किया है।

**39. इरावती कर्वे के अनुसार, दक्षिण भारत में जन्म के परिवार तथा विवाह के परिवार के मध्य कोई निश्चित भिन्नता नहीं पायी जाती है, क्योंकिः**

(a) चचेरे-ममेरे भाई बहनों के मध्य विवाह का प्रचलन
(b) ग्रामीण बर्हिविवाह की अनुपस्थिति
(c) द्रविण संस्कृति मूल्य
(d) वैवाहिक कर्मकाण्डों में थाली व्यवस्था की प्रमुखता

**Ans. (a) :** दक्षिण भारत में चचेरे ममेरे भाई बहनों के मध्य विवाह का प्रचलन है। दक्षिण भारत में इस विवाह को उत्तम माना जाता है।

**40. रिसर्च मैथड्स इन सोशल रिलेशन्स पुस्तक निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गयी है?**

(a) सैल्टिज, जहोदा एवं अन्य
(b) गुडे एवं हाट
(c) बोगार्डस
(d) यंग

**Ans. (a) :** रिसर्च मैथड्स इन सोशल रिलेशन्स पुस्तक वर्ष 1959 में सैल्टिज, जहोदा एवं अन्य द्वारा लिखी गयी थी।

**41. लोगों अथवा समूहों की गतिविधि का निम्न स्थितियों से उच्चतर पर पहूंचना निम्न में से क्या है?**

(a) अनुलम्ब गतिशीलता (b) क्षैतिज गतिशीलता
(c) अधोमुखी गतिशीलता (d) उन्नतिशीलता

**Ans. (d) :** लोगों अथवा समूहों की गतिविधि का निम्न स्थितियों से उच्चतर पर पहुंचना उन्नतिशीलता है।

**42. अन्तरपीढ़ीगत गतिशीलता बताती हैः**

(a) एक ही पीढ़ी में गति
(b) पीढ़ियों के बीच गतिशीलता
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** जब सामाजिक गतिशीलता एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की प्रस्थितियों में होती है तो इसे अन्तरपीढ़ीगत गतिशीलता कहते है, जैसे किसी लिपिक के पुत्र का सिविल सेवा में चयन हो जाना। से दो प्रकार के होती है।
(1) अधोगामी (2) उर्ध्वगामी

**43. सामाजिक स्तरीकरण को संस्थागत विषमता के रूप में कौन देखता है?**

(a) डेविस व मूरे (b) पारसंस
(c) मर्टन (d) सोरोकिन

**Ans. (a)** सामाजिक स्तरीकरण को संस्थागत विषमता के रूप में डेविस व मूरे देखता है।

**44. नृजातिपद्धति की विषय वस्तु है-**

(a) सामाजिक घटनाओं का अर्थ
(b) अन्तःक्रिया की प्रक्रिया जिसके द्वारा अर्थ सम्प्रेषित एवं अंतःसम्प्रेषित होते हैं
(c) वे माध्यम जिनके द्वारा अर्थ सम्प्रेषित एवं अंतःसम्प्रेषित होते हैं
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** हेरॉल्ड गारफिंकल ने अपनी पुस्तक 'स्टडीज इन एथनोमेथोडोलॉजी' (1967) में नृजाति पद्धति के बारे में बताया था। एथनोमेथोडोलॉजी का अर्थ उन विधियों के अध्ययन से है जिनका प्रयोग लोग रोजमर्रा के सामाजिक जीवन में अर्थों और व्यवस्था की रचना करने में करते है।

**45. 'स्ट्रक्चर एण्ड फंक्शन इन प्रिमिटिव सोसाइटी' पुस्तक के लेखक कौन है?**

(a) एन्थोनी गिडेन्स (b) मिशेल फुको
(c) जार्ज रिट्जर (d) ए.आर. रेडक्लिफ ब्राउन

**Ans. (d) :** 'स्ट्रक्चर एण्ड फंक्शन इन प्रिमिटिव सोसाइटी', पुस्तक रेडक्लिफ ब्राउन द्वारा वर्ष 1952 में लिखी गयी जिसमें आदिवासियों के बारे में अध्ययन है।

**46. परिवर्तन का कौन-सा प्रतिरूप यह सुझाव देता है कि परिवर्तन संघर्ष और समाधान के माध्यम से होता है?**

(a) उद्विकास (b) द्वंद्वात्मक विकास
(c) चक्रिय विकास (d) प्रगतिशीलता

**Ans. (b) :** द्वंद्वात्मक विकास उस प्रक्रिया (वाद, प्रतिवाद और संवाद) को इंगित करता है, जिसके अनुसार सृष्टि का विकास एवं उसमें परिवर्तन होता है।

**47. निम्नलिखित लेखकों के स्तरीकरण को सैद्धांतिक अध्ययन के कालक्रम के अनुसार बताइयेः**

(a) मैक्स वेबर–कार्ल मार्क्स–राबर्ट लिंड–सी.डब्ल्यू. मिल्स
(b) कार्ल मार्क्स–सी.डब्ल्यू. मिल्स–मैक्स वेबर–राबर्ट लिंड
(c) कार्ल मार्क्स– मैक्स वेबर–सी.डब्ल्यू. मिल्स–राबर्ट लिंड
(d) कार्ल मार्क्स– मैक्स वेबर–राबर्ट लिंड–सी.डब्ल्यू. मिल्स

**Ans. (d) :**
कार्ल मार्क्स (1818-1883)– मैक्स वेबर (1864-1920)–राबर्ट लिंड (1879-1949)– सी.डब्ल्यू. मिल्स (1916-1962)

**48. किसने यह तर्क दिया है कि प्रत्याशित सामाजिकरण संदर्भ समूह व्यवहार के कारण होता है?**

(a) एच.एच. हाइमन (b) आर.के. मर्टन
(c) सी.एच. कूले (d) एम. मीड

**Ans. (b) :** आर.के. मर्टन ने यह कथन अपनी पुस्तक Social theory and Social Structure में दी है। यह तर्क दिया है कि प्रत्याशित सामाजिकरण संदर्भ समूह व्यवहार के कारण होता है।

**49. 'सांस्कृतिक विलम्बना' की अवधारणा किसने सर्वप्रथम विकसित की?**

(a) मैकाइवर (b) पितरिम सोरोकिन
(c) राबर्ट रेडफील्ड (d) विलियम एफ. ऑगबर्न

**Ans. (d) :** 'सांस्कृतिक विलम्बना' की अवधारणा का प्रयोग ऑगबर्न ने अपनी पुस्तक सोशल चेन्ज (1922) में किया था। उन्होंने संस्कृति के निम्न दो पक्ष बताये हैं-
(1) भौतिक संस्कृतिः मानव निर्मित वस्तुयें जैसे- मकान, मोटर-कार, पंखा, बस आदि।
(2) अभौतिक संस्कृतिः जैसे- मूल्य, आदत, मानदण्ड आदि।
ऑगबर्न ने बताया कि भौतिकी संस्कृति में तीव्र गति से परिवर्तन होता है, जबकि अभौतिक संस्कृति में परिवर्तन धीमी गति से होता है, परिणामतः अभौतिक संस्कृति भौतिक संस्कृति से पिछड़ जाती है, इस पिछड़न की स्थिति को ऑगबर्न ने 'सांस्कृतिक विलम्बना' कहा।

**50. नाडेल के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन एक सामाजिक संरचना का उत्पत्ति स्थान है?**

(a) प्रस्थिति व्यवस्था (b) भूमिका व्यवस्था
(c) सामाजिक व्यवस्था (d) जैवकीय व्यवस्था

**Ans. (b) :** एस.एफ. नाडेल ने अपनी पुस्तक 'The Theory of Social Structure' (1969) में सामाजिक संरचना को दो आधारों पर परिभाषित किया है :
1. समाज में व्यक्ति की भूमिका क्या है तथा
2. इस भूमिका के आधार पर उसे कैसा पद मिल रहा है।

**51. समाज एवं सामाजिक संरचना का प्रकार्यवादी दृष्टिकोण सबसे पहले किसने अभिव्यक्त किया?**

(a) दुर्खीम (b) पारसंस
(c) मर्टन (d) स्पेंसर

**Ans. (d) :** समाजशास्त्र में प्रकार्य की अवधारणा का प्रयोग उन्नीसवीं शताब्दी में ऑगस्त कॉम्ट तथा हरबर्ट स्पेंसर द्वारा किया गया। जिन्होंने मानव समाज तथा जैविकीय सावयव की कार्य प्रणाली में काफी सादृश्यता देखी।

**52. प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद एक समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य है जो निम्नलिखित में से किस पर बल देता है?**

(a) समष्टि स्तर सामाजिक अन्योय क्रिया
(b) व्यष्टि स्तर सामाजिक अन्योय क्रिया

(c) सामाजिक और गैर सामाजिक अस्तित्वों के बीच परस्पर अन्योय क्रियाएं
(d) उक्त सभी

**Ans. (c) :** प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद (सिम्बॉलिक इंटरऐकसनिज्म) शब्द की रचना वर्ष 1937 में हरबर्ट ब्लूमर ने की। सामाजिक एवं गैर सामाजिक अस्तित्वों के बीच परस्पर अन्योन्य क्रियाएं प्रतीकात्मक अन्तःक्रिया कहलाती हैं।

**53. ''सामान्यीकृत अन्य'' (जनरलाइज्ड अदर्स) की धारणा किसने प्रस्तुत की थी?**
(a) एच. ब्लूमर (b) जी.एच. मीड
(c) इरविंग गॉफमैन (d) सी.एच. कूले

**Ans. (b) :** जॉर्ज मीड ने ''सामान्यीकृत अन्य'' की अवधारणा प्रस्तुत की है। सामान्यीकृत से तात्पर्य सम्पूर्ण समुदाय की व्यक्ति के प्रति बनायी गयी संगठित मनोवृत्ति से है जिसके द्वारा एक व्यक्ति अपने 'स्व' की धारणा में महत्वपूर्ण सामुदायिक मूल्यों के भाव को आत्मसात करता है।

**54. निम्नलिखित में से कौन सा परेटो की तार्किक क्रिया पर लागू होता है?**
(a) व्यक्तिपरक तार्किक क्रिया
(b) उद्देश्यपरक तार्किक क्रिया
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** परेटो ने क्रिया के दो रूप बताये हैं- तार्किक और अतार्किक। उन्होंने ऐसी क्रिया को तार्किक क्रिया कहा है, जिसमें साध्य एवं साधनों के बीच विवेक सम्मत आधार पर समायोजन होता है। साधनों का साध्य के अनुरूप होने के साथ-साथ समाजोनुमोदित भी होना चाहिए। ऐसी क्रिया के बीच कार्य-कारण संबंध होते हैं।

**55. विवेकीकरण हेतु मैक्स वेबर निम्नलिखित में से किस एक पद का प्रयोग करता है?**
(a) उपकरण तर्कणा विवेकीकरण
(b) साध्य-साधन विवेकीकरण
(c) भावनात्मक विवेकीकरण
(d) पारम्परिक विवेकीकरण

**Ans. (b) :** पूर्व निश्चित किसी बाह्य लक्ष्य तथा संबंधों को ध्यान में रखकर की गयी क्रिया बुद्धिसंगत या तार्किक सामाजिक क्रिया कहलाती है। वेबर ने चार प्रकार की क्रियाओं का उल्लेख किया है- (1) पारम्परिक, (2) भावात्मक, (3) मूल्यांकनात्मक/मूल्योंन्मुखी, (4) तार्किक (लक्ष्य-साधन पर साधक क्रियायें)।

**56. 'द थियरी ऑफ शोशल स्ट्रक्चर' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**
(a) आर.के. मर्टन (b) के.आर. पापर
(c) एस.एफ. नाडेल (d) सी.लेबी. स्ट्रॉस

**Ans. (c) :** 'द थियरी ऑफ शोशल स्ट्रक्चर' (1958) पुस्तक नाडेल द्वारा लिखी गयी है। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार है-
• Nupe Religion
• The Foundation of Social Anthropology.

**57. वाह्य संघर्ष समूह के अंदर एकता पैदा करता है। यह कथन किसका है?**
(a) कार्ल मार्क्स (b) आर. डेहरनडार्फ
(c) जी. सिमेल (d) लेविस ए. कोजर

**Ans. (d) :** लेविस ए. कोजर के अनुसार, वाह्य संघर्ष समूह के अंदर एकता पैदा करता है। कोजर ने संघर्ष को तनाव व्यवस्थापन की एक ऐसी प्रक्रिया माना है, जो सामाजिक परिवर्तन की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न होकर पुनर्एकीकरण का कार्य करती है।

**58. मार्क्सवादी विश्लेषण में 'मध्य-वर्ग' की अवधारणा किसने प्रतिपादित की है?**
(a) एस. ओसोवस्की (b) रेमण्ड एरॉ
(c) जी.डी.एच. कोल (d) डेहरनडार्फ

**Ans. (b) :** मार्क्सवादी विश्लेषण में 'मध्य-वर्ग' की अवधारणा रेमण्ड एरॉ ने प्रतिपादित की है। यह फ्रांसीसी दार्शनिक एवं समाजशास्त्री थे।

**59. किसके द्वारा द्वन्द्व को दो भागों में वास्तविक तथा अवास्तविक द्वन्द्व के बीच विभाजित किया गया?**
(a) लेविस कोजर (b) सिमेल
(c) मार्क्स (d) डेहरनडार्फ

**Ans. (a) :** लेविस कोजर ने द्वन्द्व को दो भागों में वास्तविक तथा अवास्तविक द्वन्द्व के बीच विभाजित किया है।

**60. निम्नलिखित में से किसने संघर्ष को तनाव प्रबंधन की एक प्रक्रिया के रूप में देखा?**
(a) एल. अल्थुसर (b) लेविस कोजर
(c) कोबिन्स (d) डेहरनडार्फ

**Ans. (b) :** लेविस कोजर ने संघर्ष को तनाव प्रबंधन की एक प्रक्रिया के रूप में माना है, जो सामाजिक परिवर्तन की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप उत्पन्न होकर पुनर्एकीकरण का कार्य करती है।

**61. उन्नीसवीं सदी के दौरान समाजशास्त्रीय चिन्तन में किस अवधारणा का प्रभुत्व था?**
(a) विकास (b) आधुनिकता
(c) प्रगति (d) उद्विकास

**Ans. (d) :** उन्नीसवीं सदी के दौरान समाजशास्त्रीय चिन्तन में उद्विकास की अवधारणा का प्रभुत्व था। परिवर्तन की वह प्रक्रिया उद्विकास के नाम से जानी जाती है, जिसमें प्रत्येक परवर्ती अवस्था का पूर्ववर्ती अवस्था से आवश्यक संबंध होता है।
चार्ल्स डार्विन ने वर्ष 1859 में जीवों के विकास की प्रक्रिया को समझाने हेतु इस अवधारणा का प्रयोग किया था।
सामाजिक विज्ञानों के बीच इस अवधारणा के प्रथम उपयोगकर्त्ता हरबर्ट स्पेंसर रहे हैं।

**62. वर्ग-निर्माण आधारित होता हैः**
(a) जन्म के आधार पर
(b) कार्य के आधार पर
(c) समान हितों के आधार पर
(d) उक्त में से कोई सही नहीं है

**Ans. (*) :** निरस्त प्रश्न
जन्म के अतिरिक्त किसी भी आधार पर समाज में समूहों का निर्माण वर्ग कहलाता है। रॉबर्ट बीरस्टीड ने वर्ग-विभाजन के सात आधारों का उल्लेख किया है जिसमें सम्पत्ति, धन और आय वर्ग-निर्धारण का प्रमुख आधार है।

**63. 'सोशियोलॉजिकल इमैजिनेशन' पुस्तक किसने लिखी है?**
(a) सी.डब्ल्यू. मिल्स
(b) सोरोकिन
(c) मिल्टन सिंगर
(d) मर्टन

**Ans. (a) :** 'सोशियोलॉजिकल इमैजिनेशन' (1959) पुस्तक की रचना सी.डब्ल्यू. मिल्स ने की थी। जिसके अंतर्गत अमूर्त अनुभववाद शब्द के बारे में बताया गया है।
इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार है-
- White Collar
- Power Elite
- From Max Weber
- The Marxists

**64. निम्नलिखित में से किसने सहसंबंध अंतर विधि का उपयोग किया है?**
(a) एम. वेबर (b) आर डेहरनडार्फ
(c) ई. दुर्खीम (d) टी. पारसंस

**Ans. (c) :** ई. दुर्खीम ने सहसंबंध अंतर विधि का उपयोग किया है। इसका उद्देश्य विभिन्न समाजों की सामाजिक संरचना तथा संस्कृति में पायी जाने वाली भिन्नताओं एवं समानताओं (परिवर्तन और विकास) का स्पष्टीकरण कर सामान्य सिद्धांतों की खोज करना होता है।

**65. निम्नलिखित में से किस सिद्धांतवादी ने समसामयिक समाज को एक ऐसी मृतक संस्कृति बताया जिसकी मृत्यु सभी सामाजिक पृथकताओं और भेद-भाव का उदाहरण है?**
(a) जे. बोड्रिलार्ड (b) यू. बेक
(c) एम. फूको (d) जे.एफ. ल्योतार्ड

**Ans. (a) :** जे. बोड्रिलार्ड ने समसामयिक समाज को एक ऐसी मृतक संस्कृति बताया जिसकी मृत्यु सभी सामाजिक पृथकताओं और भेद-भाव का उदाहरण है।

**66. लुण्डबर्ग ने वैज्ञानिक पद्धति के कितने चरणों का उल्लेख किया?**
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

**Ans. (a) :** लुण्डबर्ग ने वैज्ञानिक पद्धति के चार चरण बतायें हैं-
(1) कार्य परिकल्पना का गठन,
(2) डेटा अवलोकन और रिकॉर्डिंग,
(3) एकत्र किये गये डेटा का वर्गीकरण और संगठन तथा
(4) समान्यीकरण।

**67. किस नियम के अनुसार परिवार की संपत्ति में परिवार के प्रत्येक सदस्य का जन्मजात अधिकार होता है?**
(a) दायभाग का नियम
(b) संपिड का नियम
(c) मिताक्षरा का नियम
(d) प्रवर का नियम

**Ans. (c) :** हिन्दू उत्तराधिकार सम्बन्धी भारतीय कानून को लागू करने के लिए मुख्य रूप से दो मान्यताओं को माना जाता है- पहला है दायभाग जो बंगाल और असम में लागू है। दायभाग जिमूतवाहनकृत एक प्राचीन हिन्दू धर्म ग्रंथ है जबकि दूसरा मिताक्षरा है, जो शेष भारत में मान्य है। मिताक्षरा याज्ञवल्क्य स्मृति पर विज्ञानेश्वर की टीका है जिसकी रचना 11वीं शताब्दी में हुई थी। मिताक्षरा के अनुसार परिवार की संपत्ति में परिवार के प्रत्येक सदस्य का जन्मजात अधिकार होता है। वर्ष 2005 में कानून में हुए संशोधन के बाद इसमें लड़कियों को भी शामिल कर लिया गया है।

**68. निम्नलिखित में से कौन जातियों के बीच संरचनात्मक दूरियां बनाये रखने में सहायक है?**
(a) आर्थिक स्थिति (b) राजनीतिक शक्ति
(c) भूमि स्वामित्व (d) पवित्रता एवं प्रदूषण

**Ans. (d) :** लुईस ड्यूमॉ ने अपरी पुस्तक 'होमोहाइरारकिकस' (1966) में पवित्र एवं अपवित्र की अवधारणा व्यक्त की।
जाति व्यवस्था की रचना एक पिरामिडीय रूप से (ऊपर से नीचे) हुयी है; जिसके सबसे नीचे का स्तर अंत्यजों या शूद्रों द्वारा और सबसे ऊपर का स्तर ब्राह्मणों द्वारा निर्मित है। इस व्यवस्था में जाति के भोजन, विवाह, पूजा-पाठ तथा पवित्रता एवं अपवित्रता संबंधी अपने विशिष्ट नियम एवं संस्कार होते हैं, जो उसे अन्य जातियों से अलग करते हैं।

**69. निम्नलिखित में से किसने भारतीय समाज के अध्ययन के प्रति द्वन्द्वात्मक उपागम का उपयोग किया है?**
(a) एम.एन. श्रीनिवास (b) डी.पी. मुखर्जी
(c) आन्द्रे बेतेई (d) वाई.बी. दामले

**Ans. (b) :** द्वन्द्वात्मक का शाब्दिक अर्थ वाद-विवाद या तर्क-वितर्क करना है। भारतीय इतिहास के मुखर्जी के द्वन्द्वात्मक विश्लेषण ने यह सुझाव दिया कि परंपरा और आधुनिकता, उपनिवेशवाद और राष्ट्रवाद, व्यक्तिवाद और सामूहिकतावाद को समकालीन भारत में एक दूसरे के साथ द्वन्द्वात्मक रूप से वाद-विवाद के रूप में देखा जा सकता है। डी.पी. मुखर्जी ने भारत में मार्क्सवादी समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य के रूप में योगदान दिया है।

**70. टायलर के अनुसार ज्ञान, विश्वास, कला, नीति कानून प्रथा और अन्य योग्यतायें है:**
(a) संस्कृति (b) लोकनीतियाँ
(c) सभ्यता (d) परम्परा

**Ans. (a) :** टायलर के अनुसार, ''संस्कृति वह सम्पूर्ण जटिलता है जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला, नैतिकता, कानून, प्रथा तथा वे सभी क्षमताएँ एवं गुण सम्मिलित हैं जिन्हें मानव समाज का सदस्य होने के नाते प्राप्त करता है।''

# उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा, 2014

# समाजशास्त्र

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** [परीक्षा तिथि : 22 अप्रैल, 2014

**1. संस्कृति का मुख्य वाहक है :**

(a) राज्य व्यवस्था (b) समाज
(c) प्रतीक (d) व्यक्ति

**उत्तर (c)** कोई क्रिया या वस्तु जो किसी अन्य क्रिया, वस्तु या विचार का प्रतिनिधित्व करती है प्रतीक कहलाती है। अधिक विशिष्ट रूप में संस्कार, स्वप्न या मिथक के शब्दार्थ के क्षेत्रों में अतिलघु अर्थ इकाई को प्रतीक कहा जाता है। मनोविश्लेषण में किसी दमित अचेतन इच्छा को प्रतिनिधित्व करने वाला व्यवहार या वस्तु को प्रतीक कहा जाता है। मानवीय व्यवहार (सम्प्रेषण) में प्रतीकों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इन प्रतीकों, संकेतों के प्रयोग द्वारा मानव अपनी भावनाओं को एक दूसरे को सम्प्रेषित करते हैं। अभिवादन का कोई ढंग सम्मान को और कठोर बंधी हुई मुट्ठी का प्रर्दशन अवज्ञा (क्रोध) को प्रकट करता है। इसी कारण प्रतीक संस्कृति का मुख्य वाहक है।

**स्त्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- हरिकृष्ण रावत**

**2. किसने अपने सिद्धांत में 'अनुष्ठान की अवधारणा' का उपयोग किया है?**

(a) आर॰ कॉलिन्स (b) एन॰ कोजर
(c) ई॰ दुर्खीम (d) जे॰ हेबरमास

**उत्तर (a)** आर. कॉलिन्स ने अपने सिद्धांत में 'अनुष्ठान की अवधारणा' का उपयोग किया है। अनुष्ठान के माध्यम से व्यक्ति समाज में सम्बन्धों के प्रतिमानों में अपने आपकों ठीक प्रकार से प्रतिनिधित्व करते हैं। अनुष्ठानों में क्रिया का महत्व है और इन क्रियाओं के द्वारा ही विश्वास पैदा होते हैं।

**स्त्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- हरिकृष्ण रावत**

**3. दुर्खीम ने चार तरह की आत्महत्या का वर्णन किया है। इनमें से तीन हैं – अहंवादी, परार्थवादी तथा आदर्शहीनतावादी। चौथा प्रकार हैः**

(a) विचलित आत्महत्या (b) भाग्यवादी आत्महत्या
(c) रोगजनित आत्महत्या (d) असामान्य आत्महत्या

**उत्तर (b)** दुर्खीम पहले व्यक्ति थे जिन्होंने समाजशास्त्र के किसी मोनोग्राफ में सांख्यिकीय पद्धति को अपनाया। उन्होंने कहा कि जब आत्महत्या होती है तो इसका मतलब यह हुआ कि व्यक्ति ने समाज के दबाव को स्वीकार नहीं किया और उसके लिए उसके जीवन से बढ़कर और क्या हो सकता था वह आत्महत्या कर लेता है आत्महत्या इस तरह व्यक्ति और समाज के बीच के सम्बन्धों के दरार की अभिव्यक्ति है। आत्महत्या कोई व्यक्तिगत घटना नही है। यह तो समाज द्वारा की गयी व्यक्ति की मौत है। हत्यारा समाज है व्यक्ति नही और नैतिकता एवं मूल्यों की उपस्थिति की जगह कानूनों की उपस्थिति होना भाग्यवादी आत्महत्या है।

**स्त्रोत- प्रमुख समाशास्त्रीय विचारक- दोषी और जैन**

**4. डेहरेनडॉर्फ के अनुसार उत्तरपूँजीवाद समाज की विशेषता हैः**

(i) पूँजी का अपघटन
(ii) श्रम का विभेदीकरण
(iii) हीरे समान वर्ग संरचना
(iv) संघर्ष का विनिमयन एवं संस्थानकरण

**सही उत्तर का चयन कीजिएः**

(a) (i), (ii), (iii) एवं (iv) (b) (i), (ii) एवं (iii)
(c) (i), (ii) एवं (iv) (d) (i), (iii) एवं (iv)

**उत्तर (a)** जर्मनी में पैदा हुए समाजशास्त्री रॉल्फ डेहरेनडॉर्फ आजकल ब्रिटेन में लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स संस्थान के निदेशक हैं। डेहरेनडॉर्फ का प्रमुख योगदान वर्ग-सिद्धांत (वर्ग संघर्ष) और भूमिका सिद्धांत के क्षेत्र में है। डेहरेनडॉर्फ ने संघर्ष के संरचनात्मक कारणों को ढूढ़ने का यत्न किया है। उनके अनुसार मात्र आर्थिक सम्बन्ध ही संघर्ष का कारण नहीं है। अपितु सत्ता शक्ति के सम्बन्ध भी संघर्ष को जन्म देते है। डेहरेनडॉर्फ ठीक कहते हैं कि शक्ति वैमनस्य का चिर स्थायी स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि उत्तरपूँजीवाद समाज की विशेषता पूँजी का अपघटन. श्रम का विभेदीकरण, हीरे समान वर्ग संरचना तथा संघर्ष का विनिमयन एवं संस्थानकरण प्रमुख कारण है।

**स्त्रोत- उच्चतर समाशास्त्रीय सिद्धांत- दोषी और त्रिवेदी**

**5. सी॰ डब्ल्यू॰ मिल्स का संदर्भ दृष्टिकोण रखता हैः**

(i) जीवनवृत्ति (ii) समाजवृत्ति
(iii) इतिहास (iv) नृजातिवृत्ति

**सही उत्तर का चयन कीजिएः**

(a) केवल (ii)
(b) केवल (ii) एवं (iii)
(c) केवल (i) एवं (iii)
(d) केवल (i), (ii) एवं (iv)

**उत्तर (c)** सी॰ डब्ल्यू मिल्स एक आधुनिक अमेरिकी उग्रवादी (रेडिकल) समाजशास्त्री हैं जिन्होंने राजनीति में उग्र वामपंथ का समर्थन कर यथास्थितिवादी समाजशास्त्रियों विशेषतः तत्कालीन समाजशास्त्र के दिग्गज कहे जाने वाले संरचनात्मक-प्रकार्यवादी समाजशास्त्री टालकट पार्सन्स की खुल कर आलोचना की है और सी॰ डब्ल्यू मिल्स का सन्दर्भ दृष्टिकोण जीवनवृत्ति और इतिहास है।

**स्त्रोत- उच्चतर समाशास्त्रीय सिद्धांत- दोषी और त्रिवेदी**

**6. लेवी स्ट्रॉस का अंतःक्रिया संरचनावाद आधारित हैः**

(a) यांत्रिक एवं सांख्यिकीय प्रारूप पर
(b) मात्र यांत्रिक प्रारूप पर
(c) मात्र सांख्यिकीय प्रारूप पर
(d) मात्र सांस्कृतिक प्रारूप पर

**उत्तर (a)** लेवी स्ट्रॉस एक जटिल संरचनावादी कहे जाते है। उनका सिद्धांत मानवशास्त्रियों में पूरी तरह गम्भीरता से लिया जाता है। स्ट्रास ने संस्कृतिवाद को अपनी चरमसीमा पर पहुँचा दिया। लेवी स्ट्रास का अन्तःक्रिया संरचनावाद यांत्रिक एवं सांख्यिकीय प्रारूप पर आधारित है।

**स्त्रोत- प्रमुख समाशास्त्रीय सिद्धांत- दोषी और त्रिवेदी**

**7. ए॰ शुट्ज का प्रघटनाशास्त्र बल देता है:**

(a) अन्तर्वैषयिकता (b) वस्तुनिष्ठता
(c) संवेदनशीलता (d) सापेक्षता

**उत्तर (a)** ए॰ शुट्ज यूरोप में फाँसीवाद के फैलने के बाद सन् 1939 में अमेरिका चले आये। यहाँ उन्होंने कुछ समय के लिये अंशकालिक रूप में अध्यापन का कार्य किया और बाद में वर्ष 1952 में वे पूर्ण कालिक रूप में अध्यापन कार्य में जुट गये। शुट्ज ने चेतना से हट कर अन्तःविषयपरकता (Intersubjectivity) जीवन-जगत (Life-World) और हम तथा वे के सम्बन्धों को अपने अध्ययन-विवेचन का केन्द्र बनाया है।

**स्रोत- समाशास्त्रीय चिंतक एवं सिद्धांतकार- रावत**

**8. मैक्स वेबर ने विस्तृत रूप में अपने सिद्धांत का विश्लेषण भारत के अध्ययन में किया:**

(a) धार्मिक पक्ष (b) आर्थिक पक्ष
(c) राजनैतिक पक्ष (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर (d)** मैक्स वेबर की प्रतिष्ठा समाजशास्त्रीय साहित्य में बहुत ऊँची है। आधुनिक समाजशास्त्र को उन्होंने बहुत कुछ दिया है। किंग्सले डेविस तो यहाँ तक कहते हैं कि मैक्स वेबर आधुनिक समाजशास्त्र के जनक थे। वेबर ने पहली बार समाजशास्त्र को मनोविज्ञान के साथ जोड़ा। वेबर ने तत्कालीन जर्मनी के नवकाम्तवादी सम्प्रदाय (विलहेम विंडलबैंड और हेनरिक रिकर्ट से सम्बन्धित) में दीक्षित होने के कारण समाजशास्त्र को एक निर्वचनात्मक (Interpretive) और अन्तर्निरीक्षणात्मक (Interopective) विज्ञान बनाने पर बल दिया। वेबर की कृतियों में भारतीय समाज का उल्लेख कई स्थानों पर मिलता है। जहाँ तक भारत में समाज और धर्म का प्रश्न है। वेबर ने अपनी तीसरी जिल्द में इसका उल्लेख किया है। वेबर ने जाति व्यवस्था के जिस स्वरूप को देखा वह कई प्रक्रियाओं में से निकल कर आयी थी। सबसे पहले कबीले थे। कबीले आदिम जाति बने। सामाजिक संरचना का स्वरूप आगे बढ़ा, वर्ण आये और इससे आगे जातियाँ आयी। वेबर ने विस्तृत रूप में अपने सिद्धांत के विश्लेषण में धार्मिक पक्ष, आर्थिक पक्ष, राजनैतिक पक्ष पर ज्यादा प्रकाश डाला।

**स्रोत- प्रमुख समाशास्त्रीय विचारक- दोषी और जैन**

**9. 'अराजकतावाद पद्धति' पर तर्क किस उत्तर-आधुनिकतावादी विचारक ने किया?**

(a) फूको (b) डेरिडा
(c) ल्योटार्ड (d) डी॰ पी॰ फेयरबेंड

**उत्तर (*)** निरस्त प्रश्न।

सामाजिक व्यवस्था को बनाये रखने वाली दमनकारी सत्ता का अभाव, विशेषतः जब कि सत्ता राज्य के हाथ में होती है, अराजकतावाद कहलाती है। इस पद्धति की तार्किक रूप में पक्ष को रखने फेयरबेन्ड ने इस संबंध में कहा है कि प्राकृतिक विज्ञानों में भी गवेषणा की कोई एक पद्धति नहीं है और वहाँ भी शोधकर्ता पद्धतियों को बदलते रहते हैं। वास्तव में एक अच्छे और कुशल विज्ञान का महत्व एक पद्धति के अनुसार के आधार पर खड़ा नहीं किया जा सकता। अतः उन्होंने कई वैकल्पिक पद्धतियों के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने इस स्थिति को ज्ञान मीमांसीय अराजकता कहा और एक पद्धति के विपरीत इस अराजकता का पक्ष लिया है।

**स्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- रावत**

**10. 'वि-क्षेत्रीयकरण' की अवधारणा संबंधित है:**

(a) एस॰ फ्रायड से (b) एम॰ मीड से
(c) डी॰ हार्वे से (d) ल्योटार्ड से

**उत्तर (c)** वि-क्षेत्रीयकरण अवधारणा का प्रयोग डी॰वी॰ हार्वे ने किया है।

**11. सामाजिक दूरी का पैमाना किसने प्रस्तुत किया?**

(a) बोगार्डस (b) यंग
(c) लुण्डबर्ग (d) जेनिंग्स

**उत्तर (a)** व्यक्तियों अथवा समूहों के बीच पृथक्करण की भावना अथवा वास्तविक पार्थक्य, सीमित समाजिक सम्बन्ध या सामाजिक अन्तर्क्रियाओं में उत्पन्न किसी प्रकार का विघ्न सामाजिक दूरी का संकेत देता है। सामाजिक दूरी का भावना में बहुधा भय तथा विद्वेष निहित रहता है। सामाजिक दूरी को मापने का प्रयास ई॰ एस॰ बोगार्डस ने पूर्वाग्रह सम्बन्धी मनोवृत्तियों के अपने अध्ययनों में किया है। किसी व्यक्ति द्वारा अपने से भिन्न जाति/प्रजाति के पड़ोस में न रहने की भावना अत्यधिक सामाजिक दूरी और भिन्न जाति-प्रजाति में विवाह की अनुमति सामाजिक निकटता को प्रकट करती है।

**स्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- रावत**

**12. उस तार्किक क्रम में लगाएँ जिसमें पी॰ बर्गर ने उनकी व्याख्या की है:**

(a) स्वभावगत, संस्थागत, वैधीकरण, बाह्यकरण
(b) संस्थागत, वैधीकरण, बाह्यकरण, स्वभावगत
(c) स्वभावगत, वैधीकरण,बाह्यकरण, संस्थागत
(d) वैधीकरण, संस्थागत, स्वभावगत, बाह्यकरण

**उत्तर (a)** पी॰ बर्गर ने तृतीय विश्व के अनेक मसलों से लेकर परिवार के समाजशास्त्र, राजनीतिक समाजशास्त्र, धर्म के समाजशास्त्र जैसे अनेक विषयों पर लिखा है, किन्तु उनका प्रमुख रूचिकर विषय सामाजिक सिद्धांत रहा है। बर्गर ने स्वभावगत, संस्थानीकरण, वैधीकरण, बाह्यकरण को तार्किक क्रम में रखकर जबरदस्त व्याख्या की है।

**स्रोत-उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- रावत**

**13. 'भूमिका की आंतरिक संरचना' का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया है?**

(a) रेडक्लिफ ब्राउन (b) नाडेल
(c) लेवीस्ट्रास (d) मरडॉफ

**उत्तर (b)** भूमिका की आन्तरिक संरचना का सिद्धान्त नाडेल ने प्रतिपादित किया है। नाडेल के अनुसार भूमिकाओं के सम्पादन के आधार पर निर्मित सम्बंधों के द्वारा ही समाज में व्यवस्था बनी रहती है। समाज इनके द्वारा क्रमबद्ध रहता है।

**स्रोत- आधुनिक समाजशास्त्रीय विचारक- एस॰ एल॰ दोषी**

**14. निम्नलिखित में से कौन समाजशास्त्र के उद्‌भव के बौद्धिक स्रोत माने जाते हैं?**

**(i) फ्रांसीसी क्रान्ति (ii) औद्योगिक क्रान्ति**
**(iii) इतिहास का दर्शन (iv) सामाजिक सर्वेक्षण**

(a) (ii) एवं (iv) (b) (i) एवं (ii)
(c) (i) एवं (iii) (d) (iii) एवं (iv)

**उत्तर (d)** समाजशास्त्र के उद्‌भव के बौद्धिक स्रोत का सम्बन्ध इतिहास का दर्शन और सामाजिक सर्वेक्षण से है। जबकि समाजशास्त्र के आविर्भाव के मूल में आठ्रहवीं सदी के यूरोप के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पृष्ठाभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका थी इसमें प्राथमिक रूप से ब्रिटेन की औद्योगिक क्रांति तथा फ्रांस की सामाजिक क्रांति का विशेष योगदान था।

**15. निम्नलिखित में से कौन परम्परावाद को एक परिप्रेक्ष्य के रूप में प्रयोग में लाता है?**

(a) योगेन्द्र सिंह (b) मिल्टन सिंगर
(c) ए॰ के॰ सरन (d) डी॰ पी॰ मुकर्जी

**उत्तर (c)** ए. के. सरन ने परम्परावाद को एक परिप्रेक्ष्य के रूप में प्रयोग किया है।

**16. निम्नलिखित में से किस प्रमाप में वास्तविक शून्य उद्‌गम होता है?**

(a) सांकेतिक (नामिक) प्रमाप (b) श्रेणीकरण प्रमाप
(c) अन्तर प्रमाप (d) अनुपात प्रमाप

**उत्तर (d)** अनुपात प्रमाप में वास्तविक शून्य उद्‌गम होता है। आनुपातिक पैमाने की रचना तार्किकता के आधार पर की जाती है। इसकी शुरूआत एक निरपेक्ष शून्य बिन्दु से होती है जिसमें गुण एवं विभाजन की प्रक्रिया अर्थपूर्ण बन जाती है। रोजमर्रा काम में आने वाले आयु एवं भार के पैमाने आनुपातिक के उदाहरण है।

**स्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- रावत**

**17. एम॰ फूको के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(a) ज्ञान के उत्पादन द्वारा लोग दूसरों पर शासन करते हैं।
(b) ज्ञान व शक्ति का सम्बन्ध अभिजनों के षड्यन्त्र के कारण होता है।
(c) ज्ञान का उच्चतम रूप अधिकतम शक्ति रखता है।
(d) ज्ञान शक्ति का सर्वदा प्रतिवाद होता है।

**उत्तर (b)** मिशेल फूको ने अपनी कृति The Archeology of knowledge में कहा है कि उत्तर आधुनिक समाज में ज्ञान उत्पादन का एक साधन है। अतः जिसके पास ज्ञान है, उसके पास शक्ति है। ज्ञान और शक्ति दोनो पारस्परिक रूप में एक दूसरे पर निर्भर हैं। फूको के अनुसार, यथार्थ की सामाजिक रचना करने की भूमिका में भाषा और ज्ञान शक्ति के आधार का कार्य करते हैं। उन्होंने यह विचार नहीं दिया की ज्ञान व शक्ति का सम्बंध अभिजनों के षड़यन्त्र के कारण होता है।

**स्रोत- समाजशास्त्री चिंतक एवं सिद्धान्तकार- रावत**

**18. पियरे बोर्दियु के हैबिटस की अवधारणा इंगित नहीं करती है**

(a) वस्तुपरक स्थितियों के मध्य सम्बन्धों के संजाल को
(b) सामाजिक संसार से व्यवहार करने हेतु मानसिक व संज्ञानात्मक संरचनाएँ
(c) संरचनाओं के आन्तरिकीकरण के उत्पाद को
(d) एक सामूहिक घटना को

**उत्तर (a)** पियरे बॉर्दियू के हैबिट्स की अवधारणा इंगित करती है-
- सामाजिक संसार से व्यवहार करने हेतु मानसिक व संज्ञात्मक संरचनायें
- संरचनाओं के आन्तरिकीकरण के उत्पाद को।
- एक सामूहिक घटना को।

**19. डरिडा की दृष्टि में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(a) तर्ककेन्द्रवाद, दर्शन व मानव विज्ञानों को समाप्ति की ओर ले गया है।
(b) पारम्परिक नाट्यशाला प्रतिनिधित्ववादी तर्क के प्रभुत्व में होती है।
(c) निर्दयता की नाट्यशाला भिन्नता की कला हो सकती है।
(d) भाषा व्यवस्थित व स्थिर होती है।

**उत्तर (d)** डरिडा उत्तर-आधुनिकवाद के विचारक समझे जाते है। वे विखण्डन सिद्धांत के जनक है। उत्तर-आधुनिकता में उनका नाम विखण्डन के साथ जुड़ा है। अर्थात् वे कभी स्वीकार नहीं करते हैं कि भाषा व्यवस्थित व स्थिर होती है।

**स्रोत- आधुनिक समाजशास्त्रीय विचारक- एस॰ एल॰ दोषी**

**20. जे॰ हेबरमास ने अपने आलोचनात्मक सिद्धांत में निम्नलिखित में से कौन सी धारणा प्रयोग की है?**

(a) तीसरे संसार का उपनिवेशीकरण
(b) विकासशील संसार का उपनिवेशीकरण
(c) सामाजिक संसार का उपनिवेशीकरण
(d) जीवन संसार का उपनिवेशीकरण

**उत्तर (d)** जे॰ हेबरमास एक जर्मन समाजशास्त्री है। इनका सरोकार फ्रैंकफर्ट सम्प्रदाय से रहा है और वे इस सम्प्रदाय के द्वितीय पीढ़ी के अत्यन्त प्रखर एवं अग्रणी विद्वान है। यह सम्प्रदाय समाजशास्त्रीय जगत में अपने आलोचनात्मक सिद्धांत (Critical Theory) के लिये जाना जाता है। इसलिए हैबरमास ने अपने आलोचनात्मक सिद्धांत में जीवन संसार का उपनिवेशीकरण धारणा का प्रयोग किया।

**स्रोत- आधुनिक समाजशास्त्रीय विचारक- एस॰ एल॰ दोषी**

**21. निम्नलिखित में से कौन प्रलय को आधुनिक तर्क-संगतता की रूपावली समझता है?**

(a) ए॰ गिडन्स (b) यू॰ बेक
(c) जेड॰ बॉमन (d) जी॰ रिटजर

**उत्तर (c)** जेड बॉमन प्रलय को आधुनिक तर्क-संगतता की रूपावली समझते है।

**22. कारण एवं प्रभाव के सम्बन्ध की व्याख्या हेतु सर्वाधिक उपर्युक्त शोध प्रारूप कौन सा है?**

(a) प्रयोगात्मक (b) वर्णनात्मक
(c) अन्वेषणात्मक (d) निदानात्मक

**उत्तर (a)** किसी घटना, स्थिति अथवा समस्या के उत्पन्न करने वाले कारणों की खोज के उद्देश्य से किये गये अन्वेषण को व्याख्यात्मक या कारणात्मक शोध या अनुसंधान कहते हैं। इस प्रकार की शोध में घटना की व्याख्या की जाती है कि घटना क्यो उत्पन्न हुई या 'ऐसा क्यों हुआ'। इसमें 'क्या' के स्थान पर 'क्यो' प्रश्न पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। सामान्यतः इस प्रकार के अध्ययन दो या अधिक चरों (परिपर्व्यों) के बीच सम्बंध खोजने से सम्बंधित होते है। ऐसे शोध अध्ययनों में क्षेत्र कार्य विधि अथवा प्रयोगात्मक विधि दोनों का प्रयोग किया जा सकता है।

**स्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष- रावत**

**23. निम्नलिखित का मिलान कीजिए व सही कूट का चयन कीजिएः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अल्पतन्त्र का लौह नियम | (A) | टी॰ पारसन्स |
| (ii) | शक्ति के स्थिर योग की अवधारणा | (B) | ए॰ ग्रामशी |
| (iii) | सामुदायिक शक्ति | (C) | एम॰ वेबर |
| (iv) | वर्चस्व | (D) | आर॰ मिशेल |

**कूटः**

(a) i-A, ii-B iii-B, iv-D
(b) i-D, ii-A, iii-C, iv-B
(c) i-D, ii-C iii-A, iv-B
(d) i-B, ii-A, iii-C, iv-D

**उत्तर (c)** सही मिलान निम्न प्रकार है–

| | |
|---|---|
| अल्पतंत्र का लौह नियम | - आर. मिशेल |
| शक्ति के स्थिर योग की अवधारणा | - एम. वेबर |
| सामुदायिक शक्ति | - पारसन्स |
| वर्चस्व | - ए. ग्रामशी |

**24. महुआ में संयुक्त परिवार की संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक एकता का अध्ययन किसने किया है?**

(a) के॰ एम॰ कपाडिया (b) नीरा देसाई
(c) आई॰ पी॰ देसाई (d) ए॰ एम॰ शाह

**उत्तर (c)** आई॰ पी॰ देसाई की गणना भारत के समाजशास्त्र की प्रथम पीढ़ी के विद्वानों में की जाती है, बोल-चाल, वेश-भूसा और रहन-सहन में अत्यन्त सरल, सौम्य और एक ठेठ कस्वाई, गुजराती व्यक्ति होते हुए भी देसाई अध्ययन-अध्यापन में अधिक गम्भीर एवं अपने विषय के निष्ठगत विद्वान थे। उन्होंने अधिक नहीं लिखा है किन्तु जो कुछ थोड़ा लिखा वह आज की विभिन्न सन्दर्भो में उद्धृत (विशेषता संयुक्त परिवार के बारे में उनके विचार) किया जाता है। उन्होंने महुआ में संयुक्त परिवार की संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक एकता का अध्ययन किया है।

**स्रोत-समाजशास्त्र चिंतक एवं सिद्धांतकार-रावत**

**25. मार्क्स ने अपने उद्‌विकासवादी ढाँचे में समाजों को किस क्रम में व्यवस्थित किया है?**

(1) आदिम साम्यवाद (2) सामन्तवाद
(3) पूँजीवाद (4) समाजवाद

**कूटः**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तर (d)** मार्क्स ने अपने उद्‌विकासवादी ढाँचे (ऐतिहासिक भौतिकवाद) में समाज के क्रम को इस प्रकार व्यवस्थित किया- आदिम साम्यवाद-सामंतवाद- पूँजीवाद- समाजवाद

**26. 'राजस्थान विलेज' पुस्तक के लेखक हैंः**

(a) बी॰ आर॰ चौहान (b) एम॰ एन॰ श्रीनिवास
(c) टी॰ एन॰ मदान (d) एस॰ सी॰ दुबे

**उत्तर (a)** बी॰ आर॰ चौहान भारत के जाने माने व उच्चकोटि के समाजशास्त्री थे। उन्होंने मेरठ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की स्थापना की थी और उनकी प्रसिद्ध पुस्तक राजस्थान विलेज थी।

**27. निम्नलिखित में से किसने भारतीय समाज के अध्ययन में द्वन्द्वात्मक उपागम का उपयोग किया?**

(a) एम॰ एन॰ श्रीनिवास (b) डी॰ पी॰ मुकर्जी
(c) ए॰ बेते (d) वाई॰ बी॰ दामले

**उत्तर (b)** डी॰ पी॰ मुखर्जी मार्क्सवादी थे, किन्तु वे स्वयं को मार्क्सवादी के स्थान पर मार्क्सशास्त्री, (मार्क्सोलॉजिस्ट) कहलाना अधिक पसन्द करते थे। उन्होंने भारतीय इतिहास (भारतीय समाज) के अध्ययन में द्वन्द्वात्मक उपागम का उपयोग किया है। उनके अनुसार परम्परा बनाम आधुनिकता, उपनिवेशवाद बनाम राष्ट्रवाद तथा व्यक्तिवाद बनाम समूहवाद में द्वन्द्वात्मक सम्बन्ध है। ये एक दूसरे को प्रभावित करते हैं और होते भी है।

**स्रोत-समाजशास्त्रीय चिंतक एवं सिद्धांतकार-हरिकृष्ण रावत**

**28. ए॰ आर॰ देसाई की राष्ट्रवाद की परिभाषा प्रेरित हैः**

(a) एस॰ एम॰ लिप्सेट से (b) ई॰ एच॰ कार से
(c) एम॰ वेबर से (d) एल॰ अल्थूजर से

**उत्तर (b)** ए॰ आर॰ देसाई मार्क्सवादी विचारधारा के प्रति आजन्म प्रतिबद्ध रहे। भारतीय समाजशास्त्री अक्षय कुमार रमण लाल देसाई की गणना बम्बई वि॰ वि॰ के प्रथम पंक्ति और देवा के अग्रणी समाजशास्त्री में की जाती है। देसाई का जन्म बड़ौदा के एक बहु प्रसिद्ध परिवार में नाडियड में हुआ था। उन्होंने कानून की शिक्षा प्राप्त कर बम्बई वि॰ वि॰ समाजशास्त्र विभाग में घुर्ये के निर्देशन में पी॰ एच॰ डी॰ की उपाधि प्राप्त की। ए॰ आर॰ देसाई की राष्ट्रवाद की परिभाषा ई॰ एच॰ कार से प्रेरित था।

**स्रोत-समाजशास्त्रीय चिंतक एवं सिद्धांतकार-हरिकृष्ण रावत**

**29. किस भारतीय समाजशास्त्री ने सामाजिक संरचना और भारतीय समाज की मूल्य व्यवस्था पर कार्य किया?**

(a) एम॰ एन॰ श्रीनिवास (b) ए॰ आर॰ देसाई
(c) आर॰ मुकर्जी (d) एल॰ ड्यूमा

**उत्तर (c)** आर. के. मुखर्जी ने सामाजिक संरचना और भारतीय समाज की मूल्य व्यवस्था पर कार्य किया। मूल्य समाज द्वारा स्वीकृत ऐसी इच्छाएँ और लक्ष्य है जिनका आन्तरीकरण, अनुकूलन, सिखने या समाजीकरण की प्रक्रिया द्वारा होता है।

**स्रोत-समाजशास्त्रीय चिंतक एवं सिद्धांतकार-हरिकृष्ण रावत**

**30. डी॰ लर्नर ने अपने कार्य 'दि पासिंग ऑफ ट्रेडिशनल सोसाइटी' किस परिप्रेक्ष्य में उपयोग किया है?**

(a) उद्‌विकासवादी (b) चक्रीय
(c) प्रसारवादी (d) प्रकार्यात्मक

**उत्तर (c)** डेनियल लर्नर आधुनिकीकरण का अध्ययन करने वाले शुरूआती विद्वानों में से एक है। उन्होंने अपनी पुस्तक 'द पासिंग आफ ट्रेडिशनल सोसाइटी' में अपना विचार प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार आधुनिकीकरण तार्किक और सकारात्मक अभिप्राय वाली एक वैश्विक प्रक्रिया हैं यह प्रक्रिया नगरीकरण और साक्षरता में वृद्धि तथा जनसंचार माध्यमों में संगत विस्तार का परिणाम है। आधुनिकीकरण न सिर्फ संस्थानों में बल्कि व्यक्तियों में परिवर्तन के माध्यम से घटित होता है। उन्होंने प्रसारवादी परिप्रेक्ष्य में दि पासिंग आफ ट्रेडिशनल सोसाइटी पर कार्य किया है।

**स्रोत-समाजशास्त्रीय चिंतक एवं सिद्धांतकार-हरिकृष्ण रावत**

**31. भारतीय कृषक समाज को 'मालिक, किसान और मजदूर' में किसने विभाजित किया?**

(a) डेनियल थॉर्नर (b) जॉन मेनचर
(c) आर॰ रेडफील्ड (d) एन॰ एस॰ जोधा

**उत्तर (a)** डेनियल थॉर्नर ने भारतीय समाज को मालिक, किसान और मजदूर के रूप में विभाजित किया है।

**32. परसंस्कृतिग्रहण (Acculturation) क्या है?**

(a) अपनी संस्कृति के गुण ग्रहण करना
(b) किसी अन्य संस्कृति से संपर्क
(c) दूसरी संस्कृति के गुण ग्रहण करना
(d) संस्कृति का रूपान्तरण

**उत्तर (c)** संस्कृति-सम्पर्क द्वारा होने वाले परिवर्तनों की प्रक्रिया को परसंस्कृतिकरण कहते है। इस प्रक्रिया में एक संस्कृति दूसरी संस्कृति के तत्वों को स्वेच्छा अथवा दबाव वश ग्रहण करती है। फलस्वरूप कभी-2 दूसरी संस्कृति की सम्पूर्ण जीवन शैली में परिवर्तन आ जाता

है। इस अवधारणा का प्रतिपादन सर्वप्रथम रेडफील्ड, लिंटन और हर्षकोविट्स द्वारा अपने एक संयुक्त शोधपत्र मेमोरेण्डम आन द स्टडी आफ अक्लचरेशन (1936) में किया गया था। इस प्रकार हम कह सकते है कि परसंस्कृति ग्रहण से तात्पर्य दूसरी संस्कृति के गुण ग्रहण करना है।

**स्रोत- उच्चतर समाजशास्त्रीय विश्वकोष-रावत**

**33. 'जनांकिकी के संक्रमण' निम्नलिखित में से किस अनुक्रम में पारंपरिक रूप से संबद्ध होते हैं?**

(a) उच्च प्रजननता, निम्न मृत्यु संख्या, उच्च जनसंख्या वृद्धि।

(b) निम्न मृत्यु संख्या, निम्न मृत्यु संख्या से उच्च प्रजननता तक।

(c) उच्च प्रजननता, उच्च मृत्यु संख्या से निम्न मृत्यु संख्या तथा निम्न प्रजननता तक जिसमें बाद वाला पिछड़ जाता है।

(d) निम्न प्रजननता, उच्च मृत्यु संख्या से निम्न प्रजननता कम, निम्न मृत्यु संख्या जिसमें मृत्यु संख्या पीछे रह जाती है।

**उत्तर (c)** जनांकिकी संक्रमण सिद्धान्त का प्रतिपादन माल्थस के द्वारा उनकी पुस्तक में किया गया है। इस सिद्धान्त में मॉल्थस ने अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास तथा जनसंख्या के संबंध को स्पष्ट किया है। इस सिद्धान्त के अनुसार जब अर्थव्यवस्था पूर्ण रूप से पिछड़ी तथा अविकसित होती है तो जन्मदर और मृत्युदर दोनो बहुत उच्च होती हैं जिसके कारण जनसंख्या में वृद्धि बहुत ही सामान्य दर से होती है और जब अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर अग्रसर होती है तो मृत्युदर में काफी कमी आ जाती है परन्तु जन्मदर अभी भी काफी उच्च होती है जिससे अर्थव्यवस्था के सम्मुख जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

**34. निम्नलिखित मे से कौन बुर्जुआकरण की प्रक्रिया को स्पष्ट कराता है?**

(a) श्रमिक वर्ग के सदस्य पूँजीपति वर्ग की आकांक्षाएँ, मूल्य व जीवनशैली अपनाते हैं।

(b) श्रमिक वर्ग के सदस्य मध्य वर्ग की आकांक्षाएँ, मूल्य व जीवनशैली अपनाते हैं।

(c) मध्य वर्ग के सदस्य पूँजीपति वर्ग की आकांक्षाएँ, मूल्य व जीवनशैली अपनाते हैं।

(d) पूँजीपति वर्ग के सदस्य मध्य वर्ग की आकांखाएँ, मूल्य व जीवनशैली अपनाते हैं।

**उत्तर (b)** बुर्जुआईकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा कामगारवर्ग बुर्जुआई आकांक्षाओं और बुर्जुआई जीवन शैली एवं प्रतिमानों को अपनाता है। यह एक ऐसी प्रधटना है जो कामगार वर्ग की चेतना को शिथिल कर उनकी एकता को कमजोर बना देती है।
ऐसा माना जाता है कि इस अवधारणा का उद्भव मार्क्सवाद से ही हुआ है। सन् 1880 में फ्रेंडरिक एंजिल्स ने सन् 1867 में ब्रिटिश कामगार वर्ग को मताधिकार के मामले में हुई असफलता के कारणों पर प्रकाश डालते हुए लिखा कि बुर्जुआकरण की प्रक्रिया में श्रमिक वर्ग मध्यम वर्ग की आकांक्षाएं, मूल्य व जीवनशैली अपनाते है।

**35. 'Who Governs' के लेखक कौन है?**

(a) रॉबर्ट ए॰ डहल (b) सी डब्ल्यू॰ मिल्स
(c) रॉबर्ट मिशेल (d) टी॰ पारसन्स

**उत्तर (a)** 'Who Governs' के लेखक रॉबर्ट ए॰ डहल हैं। इनकी अन्य प्रमुख कृतियाँ निम्न है–
- Politics, economics and welfare
- How democratic is the American Constitution
- After the Revolution : Authority in a Good society
- On political equality

**36. अधीनस्थ उपागम वस्तुतः इंगित करता है**

(a) श्रमिक वर्ग का परिप्रेक्ष्य

(b) निम्न (तल) का परिप्रेक्ष्य

(c) आम जनों का परिप्रेक्ष्य

(d) कमजोर वर्गों का परिप्रेक्ष्य

**उत्तर (b)** अधीनस्थ उपागम वस्तुतः इंगित करता है निम्न (तल) के परिप्रेक्ष्य को।

**37. किसके अनुसार समाजशास्त्र का मूल भाव सामाजिक वास्तविकता का पर्दाफाश करना है?**

(a) पीटर बर्जर (b) एन्थोनी गिडन्स
(c) सी डब्ल्यू॰ मिल्स (d) जुरगेन हेबरमास

**उत्तर (a)** पीटर बर्जर ने तृतीय विश्व के अनेक मसलों से लेकर परिवार के समाजशास्त्र, राजनीतिक समाजशास्त्र, धर्म के समाजशास्त्र जैसे अनेक विषयों पर लिखा है किन्तु उनका प्रमुख रूचिकर विषय सामाजिक सिद्धांत रहा है। यथार्थ की सामाजिक रचना (Social Structure of Reality) पुस्तक बर्जर ने थामस लुकमान के साथ लिखी है। वह पुस्तक ज्ञान के समाजशास्त्र के नियमों को उजागर करती है। उनके अनुसार समाजशास्त्र का मूल भाव सामाजिक वास्तविकता का पर्दाफाश करना है।

**स्रोत-समाजशास्त्र चिंतक एवं सिद्धांतकार-रावत**

**38. 'नाटक' तकनीक के अन्तर्गत समाज की अवधारणा किसने दी है?**

(a) जी॰ एच॰ मीड (b) ए॰ शुट्ज
(c) गॉफमैन (d) गारफिंकेल

**उत्तर (c)** गॉफमैन अमेरिका के प्रतीकात्मक अन्तःक्रिया परिप्रेक्ष्य के एक प्रमुख सिद्धांतकार है। उन्होंने समाजशास्त्र के अध्ययन में एक नई विधा को जन्म दिया जो अभिनयशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य के नाम से जानी जाती है और इस परिप्रेक्ष्य के अन्तर्गत समाज की अवधारणा दी है।

**स्रोत-समाजशास्त्र चिंतक एवं सिद्धांतकार-रावत**

**39. जनसंख्या का निरपेक्ष सिद्धान्त और जनसंख्या का सापेक्षिक सिद्धांत किनसे संबंधित है?**

(a) माल्थस और के॰ डेविस

(b) के॰ डेविस और मूरे

(c) माल्थस और के॰ मार्क्स

(d) माल्थस और थॉमसन

**उत्तर (c)** जनसंख्या का निरपेक्ष सिद्धान्त व जनसंख्या के सापेक्ष सिद्धान्त मॉल्थस तथा कार्ल मार्क्स से सम्बंधित है।

**40. जनसंख्या अध्ययन में सामाजिक केशकीय की अवधारणा किसने उपयोग की?**

(a) थॅमस माल्थस (b) हरबर्ट स्पेंसर
(c) डेविड हर्डीमैन (d) डी॰ ड्यूमा

**उत्तर (d)** जनसंख्या का अध्ययन करने के लिए सामाजिक केशिका (Social Capilarity) की अवधारणा का प्रयोग डी. ड्यूमा ने किया है।

41. **समाजशास्त्र में 'प्रतिस्थिति तथा भूमिका' की अवधारणाओं का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया है?**

(a) मर्टन (b) लिण्टन
(c) वेबर (d) बर्जर

**उत्तर (b)** समाजशास्त्र में 'प्रस्थिति एवं भूमिका' की अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग लिण्टन ने किया है। प्रस्थिति एवं भूमिका को सम्मिलित रूप में सर्वप्रथम व्यवस्थित उल्लेख सन् 1936 में प्रकाशित पुस्तक 'दी स्टडी ऑफ मैन' में अमेरिकी मानवशास्त्री राल्फ लिंटन द्वारा किया गया।

42. **'आदर्शात्मक संस्कृति' की चर्चा किसने की है?**

(a) गिर्लिन तथा गिलिन (b) सोरोकिन
(c) ऑगबर्न (d) मैकाइवर तथा पेज

**उत्तर (b)** सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन के संदर्भ में पी.ए. सोरोकिग ने तीन प्रकार के संस्कृति रूपों की परिकल्पना प्रस्तुत की है-
ऐन्द्रियक, भावात्मक और आदर्शात्मक। उनके अनुसार आदर्शात्मक संस्कृति ऐन्द्रियक एवं भावनात्मक दोनों संस्कृतियों के बीच की अवस्था है। यह संस्कृति भौतिक सुखों और आध्यात्मिक चिंतन दोनों के समन्वय की स्थिति को प्रदर्शित करती है।

**स्रोत-उच्चतर समाजशास्त्री विश्वकोष-रावत**

43. **निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा पैरेटो की है?**

(a) अतार्किक क्रिया (b) ऐतिहासिक भौतिकवाद
(c) विसंगति (d) संस्कृति

**उत्तर (a)** परेटो ने अपनी पुस्तक में अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा कि अर्थशास्त्र मानव क्रिया (व्यवहार) के केवल एक पक्ष की चर्चा करता है, अर्थात् अर्थशास्त्र में तार्किक क्रिया का ही विश्लेषण किया जाता है परन्तु समाजशास्त्र में अतार्किक क्रियाओं का भी अधिकांश भाग निर्मित होता है। इन क्रियाओं को अतार्किक इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये क्रियायें व्यवस्थित योजना अथवा बुद्धिसंगत सोच विचार का परिणाम नहीं होती हैं। उन्होंने अतार्किक क्रिया के दो प्रकार बताये हैं-
(i) अवशिष्ट चालक (ii) भ्रान्त तर्क।

**स्रोत-समाजशास्त्रीय चिंतक एवं सिद्धांतकार- रावत**

44. **सामाजिक अनुसंधान का सही क्रम पहचानियेः**

(i) प्रतिवेदन लेखन (ii) तथ्य विश्लेषण
(iii) पूर्व अध्ययन (iv) उपकल्पना का निर्माण
(v) अवलोकन

(a) (iv) (iii) (v) (ii) (i)
(b) (iii) (iv) (i) (ii) (v)
(c) (i) (ii) (iii) (iv) (v)
(d) (v) (iv) (iii) (ii) (i)

**उत्तर (a)** सामाजिक अनुसंधान का क्रम निम्नलिखित है-
उपकल्पना →पूर्व अध्ययन→ अवलोकन→ तथ्य विश्लेषण → प्रतिवेदन लेखन

45. **''स्ट्रीट कॉर्नर सोसाइटी''' शीर्षक पुस्तक अनुसंधान की किस तकनीक पर आधारित है?**

(a) साक्षात्कार अनुसूची (b) सहभागी अवलोकन
(c) अन्तर्वस्तु विश्लेषण (d) प्रश्नावली

**उत्तर (b)** 'स्ट्रीट कॉर्नर सोसाइटी' शीर्षक पुस्तक जिसके लेखक डब्ल्यू. एफ. ह्वाइट हैं, सहभागी अवलोकन पर आधारित है। पीटरमैन के अनुसार, सहभागी अवलोकन का तात्पर्य ऐसी दशा से है जिसमें अवलोकनकर्त्ता अध्ययन किये जाने वाले समूह का अत्यधिक घनिष्ठ समरूप बन जाता है तथा उस समूह की सभी गतिविधियों में स्वयं भाग लेता है।

46. **सूची-I तथा सूची-II को सही उत्तर से मिलाइए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चुनिएः**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | 73वाँ संवैधानिक संशोधन | (i) | ई॰-गवर्नेन्स |
| (B) | ज्ञानदूत प्रोजेक्ट | (ii) | महिला सशक्तिकरण |
| (C) | मानव विकास रिपोर्ट | (iii) | ई॰-कॉमर्स |
| (D) | इंटरनेट के माध्यम से वस्तुओं या सेवाओं का क्रय-विक्रय | (iv) | यू॰ एन॰ डी॰ पी॰ |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (b) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (c) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**उत्तर (c)** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है–

| | |
|---|---|
| 73वां संवैधानिक संशोधन | - महिला सशक्तिकरण |
| ज्ञानदूत प्रोजेक्ट | - ई. गवर्नेन्स |
| मानव विकास रिपोर्ट | - यू. एन. डी. पी. |
| इंटरनेट के माध्यम से वस्तुओं या सेवाओं का क्रय मूल्य | - ई. कॉमर्स |

47. **A. G. I. L. की अवधारणा किसके द्वारा दी गई है?**

(a) आर॰ के॰ मर्टन (b) टी॰ पारसंस
(c) जी॰ एच॰ मीड (d) एच॰ ब्लूमर

**उत्तर (b)** A. G. I. L. की अवधारणा टी. पारसन्स ने दी जो उनके अनुसार चार प्रकार्यात्मक पूर्व आवश्यकतायें हैं, जो इस प्रकार हैं- अनुकूलन (Adoptation), लक्ष्य (Goal Attainment), एकीकरण (Integration) व यथास्थिति (Latency)।

48. **'दि न्यूर' कृति किसकी है?**

(a) आर॰ ब्राउन (b) एडवार्ड शिल
(c) ई॰ प्रिचार्ड (d) ई॰ इलिच

**उत्तर (c)** प्रिचार्ड एक अग्रणी ब्रिटिश सामाजिक मानवशास्त्री थे जिन्होंने अफ्रीकी समाजों में मुख्य रूप में अजेन्डे और न्यूर जनजातियों में कई नृजाति अध्ययन किये है। उन्होंने सामाजिक मानवशास्त्र को समाज का एक प्राकृतिक अध्ययन मानने के स्थान पर इसे एक मानवतावादी अध्ययन माना है। उनकी 'दि न्यूर' कृति बहुत प्रसिद्ध है।

49. **किसने समाज के उद्विकास की जंगली, बर्बर और सभ्य अवस्थाओं का वर्णन किया है?**

(a) स्पेन्सर (b) कॉम्टे
(c) मॉर्गन (d) पारसन्स

**उत्तर (c)** मार्गन की गणना मानवशास्त्र में प्रारम्भिक मानवशास्त्रियों में की जाती है। जिन्होंने अमेरिका के मूल निवासियों के अपने अध्ययन के अधार पर नातेदारी व्यवस्था का सर्वप्रथम एक व्यवस्थित अध्ययन प्रस्तुत किया जो नातेदारी व्यवस्था के अध्ययन में बाद में मील का एक पत्थर साबित हुआ। इसी के आधार पर परिवार के उद्भव के एक अनुमानात्मक इतिहास की रचना हुई और उन्होंने समाज के उद्विकास की जंगली, बर्बर और सभ्य अवस्थाओं का वर्णन किया है।

50. **सिद्धान्त निर्माण की प्रक्रिया निम्न से प्रारम्भ होती हैः**
(a) अवधारणा (b) शब्द
(c) उद्देश्यवाद (d) विचार

**उत्तर (a)** सिद्धांत निर्माण की प्रक्रिया अवधारणा से शुरूआत होती है। किसी वस्तु घटना अथवा प्रक्रिया के वैज्ञानिक प्रेक्षण एवं बोध के आधार पर निर्मित सामान्य विचारों को अभिव्यक्ति करने के लिए जिन विशिष्ट शब्द संकेतों का प्रयोग किया जाता है उन्हें वैज्ञानिक शब्दावली में अवधारणा प्रत्यय संबोध कहते हैं।

**स्रोत-उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष-हरिकृष्ण रावत**

51. **हरबर्ट स्पेंसर से संबंधित हैः**
(a) समाज की सावयवी अवधारणा
(b) द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद
(c) स्थैतिक एवं गतिज समाज
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (a)** हरबर्ट स्पेंसर समाज की सावयवी अवधारणा से सम्बंधित हैं। स्पेंसर समाज और शरीर का संबंध बताते हुए कहते हैं कि 'समाज एक सावयव के समान' है।

52. **'नल' से संबंधित हैः**
(a) प्रश्नावली (b) अवलोकन
(c) परिकल्पना (d) वैयक्तिक अध्ययन

**उत्तर (c)** नल अर्थात शून्य एक ऐसी प्राक्कल्पना है जिसके द्वारा दो परिवर्त्यों के बीच शून्य (निराकरणीय) संबंधों को प्रकट किया जाता है। शून्य सम्बन्धों से तात्पर्य किसी प्रकार के संबंध न होने से है या दो परिवर्त्यों के बीच किसी प्रकार का अन्तर नही होता।

**स्रोत- उच्चतर समाजशास्त्र विश्वकोष-हरिकृष्ण रावत**

53. **ऐन अन्सर्टेन ग्लोरीः इन्डिया एण्ड इट्स कॉन्ट्राडिक्शन्स किसकी कृति है?**
(a) सुनील खिलानी एवं आर॰ गुहा
(b) आर॰ गुहा एवं डेविड इंडेन
(c) जे॰ ड्रीज एवं ए॰ सेन
(d) ए॰ सेन

**उत्तर (c)** "ऐन अन्सर्टेन ग्लोरी : इन्डिया एण्ड इट्स कान्ट्राडिक्शन्स'' पुस्तक जे. ड्रीज एवं ए. सेन की है।

54. **किसने सूचना समाजों की अवधारणा का विश्लेषण किया है?**
(a) एम॰ कास्टेल्स (b) जे॰ ल्योटार्ड
(c) एफ॰ जेमसन (d) जे॰ बॉडीलार्ड

**उत्तर (a)** सूचना समाजों की अवधारणा का विश्लेषण एम॰ कास्टेल्स ने किया है।

55. **किसने उत्तर-आधुनिकता को पूँजीवाद के सांस्कृतिक तर्क के रूप में विश्लेषित किया हैं?**
(a) जे॰ ल्योटर्ड (b) एफ॰ जेमसन
(c) एम॰ फूको (d) जे॰ डरिडा

**उत्तर (b)** जेमशन पेशे से समाजशास्त्री थे। कई विचारक उन्हे नव-मार्क्सवादी भी कहते हैं। जेमशन के समय में वही विषय परिस्थितियाँ थी। 1990 के दशक में सोवियत संघ का विघटन हो गया। यह मार्क्सवाद को एक ऐतिहासिक चुनौती थी। दूसरा इसी दशक में फ्रांस और जर्मनी में उत्तर-आधुनिकता एक नई समस्या लेकर आई। अब जैसे मार्क्सवाद और इतिहास दोनों ही संकट में आ गये। ऐसी बौद्धिक पृष्ठभूमि में जेमशन ही एक ऐसे विचारक है जो मार्क्स के महान वृतान्त को स्वीकार करते हैं। दूसरे शब्दों में वे मार्क्स के महान वृत्तान्त की व्याख्या नये संदर्भ में करते है और उन्होंने उत्तर-आधुनिकता को पूँजीवाद के सांस्कृतिक तर्क के रूप में विश्लेषित किया है।

**स्रोत- आधुनिक समजाशास्त्री विचारक- एस॰ एल॰ दोषी**

56. **एम॰ वेबर पूँजीवाद की प्रवृत्ति के अध्ययन हेतु किस पद्धति का प्रयोग करता है?**
(a) ऐतिहासिक पद्धति
(b) तुलनात्मक पद्धति
(c) दार्शनिक पद्धति
(d) ऐतिहासिक तुलनात्मक पद्धति

**उत्तर (d)** वेबर ने पूँजीवाद की प्रवृत्ति के अध्ययन हेतु ऐतिहासिक तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग करते हैं। पूँजीवाद एक ऐसी उद्यमशीलता है। जिसका उद्देश्य मुनाफे का असीमित संचय करना है। इसकी कार्य पद्धति अधिकारी तंत्र और विवेकीकरण पर निर्भर है।

**स्रोत-प्रमुख समजाशास्त्री विचारक**

57. **कार्ल मार्क्स के लिए लम्पट-सर्वहारा से अभिप्राय है**
(a) मजदूरी करने वाले व निम्न वर्ग
(b) मजदूरी करने वाले व संविदा श्रमिक
(c) भिक्षुक, असंगठित क्षेत्रों के मजदूर व छोटे अपराधी
(d) सभी श्रमिक, स्त्रियाँ, किसान व अपराधी

**उत्तर (c)** कार्ल मार्क्स वैज्ञानिक साम्यवाद के जनक है। उनके लिए लम्पट-सर्वहारा से अभिप्राय अल्पकालिक सर्वहारा सभी वर्गो का नकारा, अवशिष्ट और निकम्मा वर्ग है। इसमें चाल बाज, धोकेबाज, वेश्याओं के दलाल, कबाड़ी, हड्डियों के व्यापारी, उठाइगिरे, भिखारी और समाज के अन्य संचरणशील व्यक्ति आते है। आधुनिक समाजशास्त्र इन लोगों को सीमांतक सामाजिक कोटियों में सम्मिलित किया गया है और उन्हें समाज द्वारा पीड़ितो के रूप में देखा जाता हैं।

**स्रोत-उच्चतर समाजशास्त्र विष्वकोष-हरिकृष्ण रावत**

58. **निम्नलिखित में से कौन सा समिति का लक्षण नहीं है?**
(a) लोगों का समूह (b) उद्देश्यों की उपस्थिति
(c) अनिवार्य सदस्यता (d) स्थायी प्रकृति

**उत्तर (d)** एक ऐसे समूह को समिति कहते हैं जिनकी रचना जान-बूझकर किन्ही विशिष्ट उद्देश्यों या क्रियाओं को पूरा करने के लिए की जाती है। समिति का निमार्ण हितों की तार्किक साझा स्वीकृति के आधार पर होता है। इस प्रकार के समूहों की सदस्यता ऐच्छिक होती है। समितियाँ सनातन नहीं होती, अपित उद्देश्यों की पूर्ति के साथ ही प्रायः समाप्त हो जाती है। समिति का लक्ष्य स्थायी प्रकृति नहीं होती है।

**स्रोत-उच्चतर समाजशास्त्र विष्वकोष-हरिकृष्ण रावत**

59. **सामाजिक स्तरीकरण का कौन सा प्रकार संस्तरण, असमानता और विभिन्नता के सामान स्तरीकरण की सारी विशेषताओं को पूरा करता है?**
(a) वर्ग (b) प्रजाति
(c) लिंग (d) वर्ण

**उत्तर (d)** वर्ण हिन्दू सामाजिक संगठन की एक प्रमुख अवधारणा है। इस शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ऋग्वेद में किया गया जिसका रचना-काल लगभग 4000 ई॰ पू॰ मानते है। भारत में सामाजिक स्तरीकरण के जिस स्वरूप के दर्शन हुऐ हैं उसे वर्ण और जाति के दो रूपों में देखा जाता है। इस सन्दर्भ में संस्तरण, असमानता और विभिन्नता के समान स्तरीकरण की सारी विशेषताओं को पूरा करता है।

**60. भारतीय सामाजिक स्तरीकरण के अध्ययन के लिए एल॰ ड्यूमा द्वारा किस पद्धति का उपयोग किया गया?**

(a) संरचनात्मक-कार्यात्मक (b) द्वन्द्वात्मक
(c) संरचनावाद (d) अंतर्क्रियावाद

**उत्तर (c)** एल॰ ड्यूमा फ्रांसीसी थे। उन्हें भारत की जाति व्यावस्था का विशेषज्ञ समझा जाता है। उन्होंने विचारधारा यानी मूल्य व्यवस्था के आधार पर जातियों के संस्तरण का अध्ययन किया है। किसी जाति के उच्च स्थान को शुद्ध और अशुद्ध के मूल्य निर्धारित करते हैं। भारतीय सामाजिक स्तरीकरण के अध्ययन के लिए डयूमा ने संरचनावाद पद्धति का प्रयोग किया।

**61. भारतीय जाति व्यवस्था में 'ऊर्ध्वाधर' व 'क्षैतिज' एकात्मकता की अवधारणा किसने दी?**

(a) एस॰ सी॰ दुबे (b) एम॰ एन॰ श्रीनिवास
(c) एल॰ ड्यूमा (d) जॉन मेनचर

**उत्तर (b)** एम॰ एन॰ श्रीनिवास ने भारतीय जाति व्यवस्था में उर्ध्वाधर एवं क्षैतिज एकात्मकता की अवधारणा दी है। डॉ. एम. एन. श्रीनिवास ने अपनी पुस्तक 'Social change in Modern India' में जाति को एक खण्डात्मक व्यवस्था के रूप में अध्ययन किया है।

**62. सामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया में संस्कृतिकरण के विश्लेषण हेतु एम॰ एन॰ श्रीनिवास द्वारा आर॰ के॰ मर्टन की कौन सी अवधारणा ली गई?**

(a) मध्य अधिसीमा सिद्धांत (b) प्रस्थिति एवं भूमिका
(c) विचलन (d) संदर्भ समूह

**उत्तर (d)** सामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया में संस्कृतिकरण के विश्लेषण हेतु एम.एन. श्रीनिवास द्वारा आर. के. मर्टन की संदर्भ समूह अवधारणा ली गयी है।

**63. निम्नलिखित में से किसने प्रस्थिति को प्रमुख प्रस्थिति, प्रभुत्वशाली प्रस्थिति तथा नियंत्रणकारी प्रस्थिति के रूप में वर्गीकृत किया है?**

(a) टी॰ पारसंस (b) आर॰ के॰ मर्टन
(c) डब्ल्यू॰ ई॰ मूरे (d) एच॰ एम॰ जॉनसन

**उत्तर (b)** आर.के. मर्टन ने प्रस्थिति को प्रमुख प्रस्थिति, प्रभुत्व, प्रभुत्वशाली प्रस्थिति तथा नियंत्रणकारी प्रस्थिति के रूप में वर्गीकृत किया है।

**64. किसने तर्क दिया कि स्कूल बच्चों की सार्वभौमिक स्थिति तथा प्रौढ़ समाज में प्रस्थिति के लिए तैयार करते हैं?**

(a) ई॰ दुर्खीम (b) टी॰ पारसंस
(c) आर॰ के॰ मर्टन (d) के॰ डेविस

**उत्तर (b)** टी. पारसंस का तर्क है कि स्कूल बच्चों की सार्वभौमिक स्थिति तथा प्रौढ़ समाज में प्रस्थिति के लिए तैयार करते हैं।

**65. जॉर्ज सिमेल का 'एकल', 'द्विक' तथा 'त्रिक' के रूप में समूहों का वर्गीकरण निम्नलिखित में से किस पर आधारित है?**

(a) शारीरिक समीकरण (b) सदस्यता की प्रकृति
(c) सामाजिक संबंध (d) समूह का आकार

**उत्तर (d)** जार्ज सिमेल ने अपनी पुस्तक 'Conflict and the Web of Group Affiliation' में एकल द्विक तथा त्रिक समूहों का वर्गीकरण किया है जो समूह के आकार पर आधारित है।

**66. सामाजिक जीवन का ऐसा क्षेत्र जो कि सामाजिक संबद्धता और समरूपता को दर्शाता है, कहलाता हैः**

(a) सामाजिक समूह (b) समाज
(c) समुदाय (d) समिति

**उत्तर (c)** समुदाय सामाजिक जीवन का ऐसा क्षेत्र है जो कि सामाजिक क्रमबद्धता और समरूपता को दर्शाता है।

**67. निम्नलिखित को मिलाइयेः**

| | सूची-I (धारणा) | | सूची-II (लेखक) |
|---|---|---|---|
| (A) | सांस्कृतिक विलंबना | (i) | के॰ मार्क्स |
| (B) | मिथ्या चेतना | (ii) | ऑगबर्न |
| (C) | समानता द्रेष संपर्क का नियम | (iii) | जे॰ फ्रेजर |
| (D) | बाध्यतामूलक संयोजित समितियाँ | (iv) | आर॰ डेहरेनडॉर्फ |

**कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (c) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (d) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**उत्तर (a)** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है–

सांस्कृतिक विलंबना - ऑगबर्न
मिथ्या चेतना - कार्ल मार्क्स
समानता द्रेष सम्पर्क का नियम - जे. फ्रेजर
बाध्यतामूलक संयोजित समितियाँ - आर. डेहरेनडॉर्फ

**68. नृजातीयता परिभाषित होती हैः**

(a) आनुवंशिक और अर्जित सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं से
(b) आनुवंशिक राजनीतिक स्थिति और अर्जित आर्थिक विशेषताओं से
(c) आनुवंशिक सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं से
(d) अर्जित सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं से

**उत्तर (c)** नृजातीय एक ऐसी विशिष्ट एवं पृथक सामाजिक-सांस्कृतिक श्रेणी है जिसकी रचना समान भाषा धर्म, प्रजाति (रंग-रूप) और संस्कृति (खाना-पान, पहनावा) जैसे गुणों से होती है। नृजातीयता आनुवंशिक सामाजिक-संस्कृतिक विशेषताओं से है।

**69. समाजशास्त्रीय प्रयोजन ने समाजवाद, पूँजीवाद तथा साम्यवाद जैसे शब्द इंगित करते हैं।**

(a) आर्थिक प्रणाली
(b) राजनैतिक प्रणाली
(c) विश्वास प्रणालियाँ
(d) आर्थिक, राजनैतिक व विश्वास प्रणालियाँ

**उत्तर (d)** समाजशास्त्रीय प्रयोजन में समाजवाद, पूँजीवाद तथा साम्यवाद, जैसे शब्द आर्थिक, राजनैतिक व विश्वास प्रणालियों को इंगित करती हैं।

**70. मरडॉक के अनुसार कितने संबंधी तृतीयक नातेदारी की श्रेणी में आते हैं?**

(a) 33 (b) 99
(c) 125 (d) 151

**उत्तर (d)** मरडॉक ने अपने नातेदारी अध्ययन में प्राथमिक नातेदारी के 8, द्वितीयक नातेदारी के 33 तथा तृतीयक नातेदारी के 151 प्रकार बताया है।

# उत्तर प्रदेश राजकीय डिग्री कॉलेज (G.D.C.) परीक्षा, 2021

# समाजशास्त्र

## व्याख्या सहित हल प्रश्न पत्र

**1. Which of the following is NOT correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| Tribe/जनजाति | State/राज्य |
|---|---|
| (a) Ho/हो | - Jharkhand/झारखण्ड |
| (b) Khasi/खासी | - Assam/असम |
| (c) Bhil/भील | - Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश |
| (d) Santhal/संथाल | - Bihar/बिहार |

**Ans. (c) :** सुमेलित युग्म निम्न प्रकार है-

| (जनजाति) | | (राज्य) |
|---|---|---|
| हो | - | झारखण्ड |
| खासी | - | असम |
| भील | - | मध्य प्रदेश (राजस्थान) |
| संथाल | - | बिहार |

**2. Which of the following pair is NOT correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

| Act/अधिनियम | Year/वर्ष |
|---|---|
| (a) Special Marriage Act विशेष विवाह अधिनियम | - 1954 |
| (b) Hindu Marriage Act हिन्दू विवाह अधिनियम | - 1955 |
| (c) Hindu Succession Act हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम | - 1956 |
| (d) Dowry Prohibition Act दहेज निरोधक अधिनियम | - 1965 |

**Ans. (d) :** सुमेलित युग्म निम्न प्रकार है-

| (अधिनियम) | | (वर्ष) |
|---|---|---|
| विशेष विवाह अधिनियम | - | 1954 |
| हिन्दू विवाह अधिनियम | - | 1955 |
| हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम | - | 1956 |
| दहेज निरोधक अधिनियम | - | 1961 |

**3. Which one of the following is a mismatch?**
**निम्नलिखित में कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

(a) B. Evans - 'The Natural History of Nonsense'
बी.इवांस ‘द नेचुरल हिस्ट्री ऑफ नानसेंस’
(b) G.C. Homans - 'The Nature of Social Science
जी.सी.होमंस ‘द नेचर ऑफ सोशल साइंस’
(c) T.S. Kuhn - 'The Structure of Scientific Revolution'
टी.एस.कुहन ‘द स्ट्रक्चर ऑफ सांइटिफिक रेवुलुशन’
(d) S.S. Blume - 'Hoaxes'
एस.एस. ब्लूम ‘होक्सेस’

**Ans. (d) :** सुमेलित सूची निम्न प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| बी. इवांस | - | द नेचुरल हिस्ट्री ऑफ नानसेंस |
| जी.सी. होमंस | - | द नेचर ऑफ सोशल साइंस |
| टी.एस. कुहन | - | द स्ट्रक्चर ऑफ साइंटिफिक रिवोल्यूशन |
| कार्ल सिफाकिस | - | होक्सेस |

**4. Which one of the following movement and its ideology can be treated as post modernist response of contemporary society?**
**निम्न में से आंदोलन और उसकी वैचारिकी को समकालीन समाज के उत्तर-आधुनिक प्रत्युत्तर के रूप में विवेचित किया जा सकता है?**

(a) Red Movement/लाल आंदोलन
(b) Green Movement/हरित आंदोलन
(c) Farmers' Movement/कृषक आंदोलन
(d) Trade Union Movement/श्रमिक संघ आंदोलन

**Ans. (b) :** हरित आंदोलन और उसकी वैचारिकी को समकालीन समाज के उत्तर-आधुनिक प्रत्युत्तर के रूप में विवेचित किया जा सकता है।

**5. Who is the editor of the book 'Towards Sociology of Dalits'?**
**‘टूवर्डस सोशियोलॉजी ऑफ दलित्स’ का सम्पादक कौन है?**

(a) K.L. Sharma/के.एल. शर्मा
(b) Paramjit S. Judge/परमजित एस. जड्ज
(c) Anand Kumar/आनंद कुमार
(d) Ishwar Modi/ईश्वर मोदी

**Ans. (b) :** टूवर्डस सोशियोलॉजी ऑफ दलित्स (Towards Sociology of Dalits) का सम्पादक परमजीत एस. जज हैं।

**6. Who talked about 'Parasitic Land Lordism'?**
**‘परजीवी जमींदारी’ पर किसने चर्चा की?**

(a) Amartya Sen/आमर्त्य सेन
(b) A.R. Desai/ए.आर. देसाई
(c) B.J. Moore/बी.जे. मूरे
(d) Rajendra Singh/राजेन्द्र सिंह

**Ans. (c) :** ‘परजीवी जमींदारी’ पर बी.जे. मूरे ने चर्चा की है।

**7. Who deemphasized the role of individuals in social exchange transactions?**
**सामाजिक विनिमय सम्पादन में व्यक्तियों की भूमिका को किसने कम महत्व दिया?**

(a) Thomas P. Wilson/थामस पी. विल्सन
(b) J.H. Turner/जे.एच. टर्नर
(c) Malinowski/मेलिनोवस्की
(d) Marcel Mauss/मार्सल मॉस

**Ans. (d) :** सामाजिक विनिमय सम्पादन में व्यक्तियों की भूमिका को मार्सल मॉस ने कम महत्व दिया है।

**8. Who upheld the unity of scientific method for all the sciences?**
**सभी विज्ञानों के लिये वैज्ञानिक पद्धति की एकता का समर्थन किसने किया?**

(a) Thomas Kuhn/थामस कून
(b) Manford Kuhn/मनफोर्ड कून
(c) Karl Popper/कार्ल पॉपर
(d) E.M. Bogardus/ई.एम. बोगार्डस